

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और सेमीकंडक्टर तकनीक के बारे में जानकारी लेते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 247 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# सिंगापुर-भारत व्यापार संबंध बढ़ाने पर सहमत

● समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान, बातचीत एआई और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही

**द्विपक्षीय वार्ता**

**▶▶ कौशल, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल, एआई और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिंगापुरः** सिंगापुर और भारत ने व्यापार संबंध बढ़ाने पर सहमत होते हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच इनका आदान प्रदान किया गया। सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अब से कुछ देर पहले इस बारे में एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, " मेरे मित्र प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ चर्चा आज भी जारी रही। हमारी बातचीत कौशल, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल, एआई और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही। हम दोनों व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर सहमत हुए। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। आपके प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद यह हमारी पहली मुलाकात है। मेरी तरफ से आपको बहुत-बहुत बधाई। मुझे विश्वास है कि फोर जी के नेतृत्व में सिंगापुर और भी तेजी से प्रगति करेगा। सिंगापुर सिर्फ एक देश नहीं है। सिंगापुर हर विकासशील देश के लिए एक प्रेरणा है। हम भी भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं। मुझे खुशी है कि हम इस दिशा में मिलकर प्रयास कर रहे हैं। हमारे बीच जो मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक हुई है, वह एक पथ-प्रदर्शक व्यवस्था है।" इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की मौजूदगी में भारत और सिंगापुर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ एईएम होल्डिंग्स लिमिटेड की सेमीकंडक्टर सुविधा का जायजा लिया।

## हरित गलियारा परियोजनाओं में तेजी लाने की भी प्रतिबद्धता जताई

रक्षा और सुरक्षा, समुद्री क्षेत्र जागरूकता, शिक्षा, एआई, फिनटेक, नवीन प्रौद्योगिकी क्षेत्र, विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं ज्ञान साझेदारी के क्षेत्र में वर्तमान सहयोग की भी समीक्षा की। दोनों नेताओं ने आर्थिक और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ाने के लिए देशों के बीच संपर्क को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने हरित गलियारा परियोजनाओं में तेजी लाने की भी प्रतिबद्धता जताई। दोनों नेताओं ने अगस्त 2024 में सिंगापुर में आयोजित दूसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के परिणामों पर विचार-विमर्श किया। मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन जैसी असाधारण व्यवस्था को देखते हुए, द्विपक्षीय सहयोग के लिए एक नए एजेंडे पर विचार-विमर्श करने और उसकी पहचान करने में दोनों पक्षों के वरिष्ठ मंत्रियों द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की गई।

## सेमीकंडक्टर साझेदारी सहित चार सहमति पत्रों पर हुए हस्ताक्षर

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिंगापुर/नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से भेंट की। दोनों ने भारत और सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और सेमीकंडक्टर साझेदारी सहित चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी का प्रधानमंत्री वोंग ने संसद भवन में औपचारिक स्वागत किया। दोनों नेताओं ने अपने वातार्लाप के दौरान भारत और सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों की व्यापकता, आपसी जुड़ाव और अपार संभावनाओं को देखते हुए इस संबंध को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया। इससे भारत की एक्ट ईस्ट नीति को भी अत्यधिक प्रोत्साहन मिलेगा। आर्थिक संबंधों में मजबूत प्रगति की समीक्षा करते हुए दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश प्रवाह को और बढ़ाने का भी आह्वान किया गया। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था में करीब 160 अरब डॉलर के निवेश के साथ सिंगापुर भारत का प्रमुख आर्थिक साझेदार है। उन्होंने कहा कि भारत में त्वरित और सतत विकास ने सिंगापुर की संस्थाओं के लिए निवेश के अपार अवसर खोले हैं।

## अर्धसैनिक बलों सहित केंद्रीय कर्मियों के लिए राहत की खबर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** अखिल भारतीय सेवा के तहत आने वाले केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों/अफसरों और अन्य सिविल कर्मचारियों के लिए राहत की खबर है। नॉन फैमिली स्टेशन पर कार्यरत इन कर्मियों को एकाएक अपना सरकारी मकान खाली नहीं करना पड़ेगा। पहले इस संबंध में सरकारी मकान रखने की आखिरी तिथि को 30 जून 2024 तक बढ़ाया गया था। अब आगामी आदेशों तक 'नॉन फैमिली स्टेशन' पर कार्यरत कर्मचारी अपना सरकारी मकान रख सकते हैं। भारत सरकार के 'आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय' (एमओएचयूए) के संपदा निदेशालय द्वारा पिछले दिनों इस संबंध में कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया है। एमओएचयूए के अनुसार, नॉन फैमिली स्टेशन पर कार्यरत इन कर्मियों को एकाएक अपना सरकारी मकान खाली नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले आठ अप्रैल 2021 को जारी कार्यालय ज्ञापन में कहा गया था कि नॉन फैमिली स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारी, 30 जून 2024 तक सरकारी क्वार्टर रख सकते हैं। नियमानुसार ऐसे कर्मचारी, अधिकतम तीन साल तक क्वार्टर होल्ड कर सकते हैं। यह सुविधा केवल नॉन फैमिली स्टेशन पर तैनात कर्मचारियों को ही मिलती है। 'आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय' के कार्यालय ज्ञापन में अब आगामी आदेशों तक सरकारी कर्मचारी अपना आवास रख सकते हैं।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## कर्नाटक में बदलेगा सीएम का चेहरा!



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण के कथित घोटाले मामले मुदा मामले में घिरे कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर कांग्रेस कड़ा एक्शन ले सकता है। अटकलें लगाई जा रही है कि कर्नाटक में सीएम का चेहरा बदला जा सकता है। राज्य के कुछ नेताओं ने कहा है कि मल्लिकार्जुन खरगे को सीएम बनाया जाना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, मुदा मामले से बचने के लिए कांग्रेस राज्य में कुछ बड़े बदलाव कर सकती है।

**इन नेताओं के नाम पर हो रही चर्चाः** हालांकि, पार्टी ने आधिकारिक तौर पर इस बात पर चुप्पी साध रखी है। कई लोगों का मानना है कि पार्टी डीके शिवकुमार को भी सीएम बना सकती है या किसी पिछड़े वर्ग के नेता को भी सीएम की जिम्मेदारी दी जा सकती है। वहीं, पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीश जरकीहोली के नाम की भी काफी चर्चा हो रही है।

## पीएम मोदी ने नवीकरणीय ऊर्जा पर दिया जोर



**ग्रीन एनर्जी**

**▶▶ अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव पूरी दुनिया को सूर्य के प्रभाव का जश्न मनाने के लिए एक साथ लाता है : पीएम मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रीन एनर्जी, नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर दिया। संबोधन की शुरूआत में उन्होंने सभी का प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव में स्वागत कियाष उन्होंने कहा कि ऐसा करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मैं इस अद्भुत पहल के लिए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन को बधाई देता हूं। अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव पूरी दुनिया को सूर्य के प्रभाव का जश्न मनाने के लिए एक साथ लाता है। यह एक ऐसा त्यौहार है जो हमें एक बेहतर ग्रह बनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि वेद हजारों वर्ष पहले रचित ग्रंथ हैं। वेदों के सबसे लोकप्रिय मंत्रों में से एक सूर्य के बारे में है। आज भी लाखों भारतीय प्रतिदिन इसका जाप करते हैं, दुनिया भर में कई संस्कृतियों ने अपने-अपने तरीके से सूर्य का सम्मान किया है। अधिकांश क्षेत्रों में सूर्य से संबंधित त्यौहार भी मनाए जाते हैं। अपने संबोधन में आगे उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए दुनिया को कुछ महत्वपूर्ण मामलों पर सामूहिक रूप से चर्चा करनी चाहिए। हरित ऊर्जा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इसमें निवेश की एकाग्रता में असंतुलन को कम करने की जरूरत है। विनिर्माण और प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाने की आवश्यकता है। सर्वोच्च प्राथमिकता विकासशील देशों की मदद करना और अल्प विकसित देशों और छोटे द्वीपीय विकासशील राज्यों को सशक्त बनाना होनी चाहिए।

## देश को मानसून की बारिश से फिलहाल राहत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** देश को मानसून की बारिश से फिलहाल राहत मिलती नहीं दिख रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, बिहार और हरियाणा समेत कई राज्यों में बारिश होने का पूवार्नुमान जताया है। विभाग ने कहा है कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश हो सकती है। दोनों राज्यों में आज के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूवार्नुमानके मुताबिक, आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बारिश के आसार हैं। इससे एक दिन पहले भी दिल्ली में झमाझम बारिश हुई है। इससे तापमान में गिरावट आई है। आज राजधानी दिल्ली का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। विभाग का कहना है कि उत्तराखंड और राजस्थान में आठ सितंबर तक भारी बारिश हो सकती है तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, असम, मेघालय, झारखंड और अंडमान एवं निकोबार में अगले दो दिन मूसलाधार बरसात होने की संभावना है।



## धामी सरकार को पड़ी 'सुप्रीम' फटकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के उस फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई जिसमें भारतीय वन सेवा के अधिकारी राहुल को राजाजी टाइगर रिजर्व का निदेशक नियुक्त किया गया है। उक्त अधिकारी को पहले कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से अवैध पेड़ काटने के आरोपों के चलते हटा दिया गया था और अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही अभी भी लंबित है।

**सीएम धामी को फटकारः** जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि हम सामंती युग में नहीं हैं, जैसा राजाजी बोले वैसा चले.. मुख्यमंत्री को तर्क देना चाहिए था।

## रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की पहल का होगा स्वागतः यूएस



**टिप्पणी**

**▶▶ जॉन एफ किर्बी का बाइडेन और मोदी की टेलीफोनिक बातचीत पर अहम टिप्पणी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाशिंगटनः** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन एफ किर्बी ने कहा है कि रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग को समाप्त करने की हर पहल का व्हाइट हाउस स्वागत करेगा। किर्बी ने साफ किया कि इस संबंध में अमेरिका ऐसे हर देश का स्वागत करता है जो यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने में मदद करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाल में रूस की यात्रा के बाद यूक्रेन की यात्रा कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने टेलीफोनिक बातचीत की। दरअसल किर्बी से बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में इस बातचीत के संबंध में सवाल किया गया। उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि भारत युद्ध को समाप्त करने में भूमिका निभा सकता है।

## अब दिल्ली मार्ग पर 70 सीएनजी बसें चलाएगा उत्तराखंड परिवहन निगम

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादूनः** परिवहन निगम राज्य के विभिन्न शहरों से दिल्ली के लिए 70 सीएनजी बसें अनुबंध पर संचालित करेगा। इसके लिए निगम ने निविदा जारी कर दी है। दिल्ली में बीएस-4 वाहनों का प्रवेश अक्तूबर से बंद होने जा रहा है, जिसके उपाय के तौर पर ये निर्णय लिया गया है। परिवहन निगम के पास बड़ी संख्या में बीएस-4 बसें हैं। चूंकि दिल्ली में इनका प्रवेश बंद हो जाएगा, इसलिए दिल्ली की सेवा प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए ही निगम ने 150 बसें खरीदी थीं, जो कि अगले महीने से मिलनी शुरू हो जाएंगी।

## दिवाली से पहले मिल जाएगी किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त




**लाभार्थी**

**▶▶ किसानों को इसका लाभ लेने के लिए केंद्र सरकार ने कृषि अधिकारयों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** देश के करोड़ों किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। दरअसल पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त इस बार दीपावली से पहले आने वाली है। इसके लिए केंद्र सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। किसानों को इसका लाभ लेने के लिए केंद्र सरकार ने कृषि अधिकारयों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके तहत इस महीने में सभी लाभार्थी किसानों को केवाईसी कराने के लिए कहा गया है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इससे पहले की किस्त में देश के तकरीबन नौ करोड़ किसानों के खाते में सम्मान निधि पहुंची थी। कृषि मंत्रालय दिवाली से पहले लाभार्थी किसानों को सम्मान निधि देने जा रहा है। इसके लिए मंत्रालय ने किसानों को अपना केवाईसी कराने को कहा है।

## मणिपुरः चुन-चुन कर ड्रोन से बनाया गया निशाना



**चिंताजनक**

**▶▶ मणिपुर में ग्रामीण ने सुनाई आपबीती, कहा- दिन में भी घर में लग रहा डर, थम नहीं रही हिंसा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंफालः** बीते डेढ़ साल से मणिपुर में हिंसा जारी है। कुकी और मैतेई समुदाय के बीच जारी हिंसा फिलहाल थमती नहीं दिख रही है। शांति बहाली के लिए केंद्र और राज्य द्वारा की जा रही कोशिशें बेकार हो रही हैं। इस बीच, एक सितंबर को पश्चिमी इंफाल के कोत्रूक में कुकी उग्रवादियों ने हथियारबंद ड्रोन का इस्तेमाल कर आरपीजी यानी रॉकेट प्रोपैल्ड गन अटैक किया। यह चौंकाने के साथ ही चिंताजनक है। ड्रोन से हुए ताजा हमलों के कारण लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। मणिपुर के सेनजाम चिरांग में कई ग्रामीण सामुदायिक केंद्रो में रहने पर मजबूर हो गए हैं। इतना ही नहीं कई लोग तो पेड़ो के नीचे शरण लिए हुए हैं। सेनजाम चिरांग के रहने वाले वाथम गंभीर ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि जब ड्रोन से हमला किया गया तो पहला बम उनके ही घर पर गिरा। इस हमले में उनकी बेटी घायल हो गई। इसके कुछ देर बाद ही उनके घर पर आसमान से एक के बाद एक दो बम गिरे। गंभीर ने बताया कि दूसरे बम के हमले में मैं और मेरा बेटा घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बमों के इन हमलों से उनका घर तबाह हो गया। इसके बाद मजबूरी में उन्हें भागकर एक पेड़ के नीचे शरण लेनी पड़ी। गंभीर ने बताया कि उन्होंने ड्रोन की आवाज सुनी थी। इसके बाद हमने यह भी सुना कि कोउत्रुक पर बम गिराए गए हैं। इसके अगले ही दिन हमारे गांव को भी निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि शुरूआत में हमें लगा कि ड्रोन की आवाज आवासीय इलाकों की जांच कर रहे ड्रोन की है।



# अंतिम तारीख से पहले संपत्ति की जानकारी ना देने पर होगा एक्शन

टीम एक्शन इंडिया

**नोएडा:** प्राधिकरण के लगभग 900 कर्मचारियों को राज्य के मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल और अचल संपत्ति का विवरण अपलोड करने के लिए 30 सितंबर तक की अंतिम समय सीमा दी गई है। इन सभी ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया तो सितंबर का वेतन रोक दिया जाएगा, साथ ही उनकी पदोन्नति पर ही असर पड़ेगा। बता दें कि शासन की ओर से यह निर्देश अगस्त 2023 में शुरू की गई एक व्यापक राज्य सरकार की पहल का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना और पारदर्शिता बढ़ाना है। पहल में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के अनुसार 31 दिसंबर 2023 तक अपनी चल और अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर जमा करना होगा।



**पदोन्नति के लिए कर दिए जाएंगे आयोग्य घोषित:** आदेश में इस बात पर जोर दिया गया कि इन विवरणों को प्रस्तुत नहीं करना नकारात्मक रूप से देखा जाएगा। नतीजतन जिन कर्मचारियों ने एक जनवरी 2024 तक अनुपालन नहीं किया है, उन्हें विभागीय चयन समिति की बैठकों में पदोन्नति के लिए तब तक विचार नहीं किया जाएगा, जब तक कि वह अपनी संपत्ति का विवरण जमा नहीं कर देते। शासनादेश अनुसार जो कर्मचारी संपत्ति का विवरण जमा नहीं करेंगे, वह पदोन्नति के लिए आयोग्य घोषित कर दिए जाएंगे पहले यह समय सीमा 31 अगस्त निर्धारित की गई थी। अगस्त में नियम का पालन नहीं करने वाले 882 कर्मचारियों (आईएएस-पीसीएस अधिकारी छोड़कर) का वेतन रोक दिया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से मंगलवार को जारी एक नए आदेश में समय सीमा बढ़ाकर कर्मचारियों को कुछ राहत दी गई है। बता दें कि इस आदेश का आईएएस और पीसीएस अधिकारियों ने आदेश का अनुपालन किया है। नोएडा एंप्लाइज एसोसिएशन अध्यक्ष चौधरी राज कुमार सिंह ने सभी कर्मचारियों से वेतन वितरण में और देरी से बचने के लिए मानव संपदा पोर्टल पर अपनी संपत्ति का विवरण तुरंत अपलोड करने का आग्रह किया। अगस्त का वेतन रोके जाने के बाद सीईओ लोकेश एम से अतिरिक्त समय का अनुरोध किया था, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को भी लिखा था। इस पर उनके आग्रह को स्वीकार कर लिया गया।

**ब्योरा मांगा**

▶▶ मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल और अचल संपत्ति का विवरण अपलोड करने के लिए अंतिम समय सीमा दी गई

# फिर गरजेगा बुलडोजर, पुलिस के साथ पहुंची टीम

**साहिबाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद में नवीन फल एवं सब्जी मंडी में फिर से बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जे को तोड़ा जाएगा। मंडी के आढ़तियों को खुद अतिक्रमण हटाने का दो दिन का समय दिया था। वहीं, बुधवार को दो दिन का समय पूरा हो गया था। किसानों को फसल बेचने के लिए मंडी समिति द्वारा मंडी परिसर में चबूतरे बनाए गए हैं। किसानों के चबूतरों पर कुछ दुकानदारों ने बिना आवंटन के कब्जा कर रखा था। किसानों को चबूतरे पर सब्जी व फल बेचने नहीं दिया जाता था। मजबूरी में किसानों को सड़क पर फल व सब्जी बेचनी पड़ रही थी। मंडी निदेशक के आदेश पर सोमवार को मंडी परिवार से भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाया गया था।



लोगों ने बिना आवंटन के सभी चबूतरों को खाली करा दिया था। वहीं, दुकानों के आगे से बुलडोजर से अतिक्रमण हटाया गया था। इस दौरान आढ़तियों ने खुद ही अतिक्रमण हटाने के लिए दो दिन का समय मांगा था।


## उत्तर रेलवे
### निविदा आमंत्रण सूचना

**कार्य का नाम और इसकी स्थिति: 30-Elect-45-T-2024-25-E3**
पहाड़गंज की तरफ और लाहौरी गेट (अजमेरी गेट की तरफ) नई दिल्ली में आरपीएफ के लिए 200 बिस्तरों वाले बैरकों के निर्माण से संबंधित विद्युत कार्य।

**निविदा की अनुमानित लागत:** रु. 58.99 लाख

**कार्यालय का पता:** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली

**बयाना राशि:** रु. 1,18,000.00

**निविदा निवेदन की दिनांक व समय:** 30.09.2024, 12:00 बजे

**निविदा खोलने की दिनांक व समय:** 30.09.2024, 12:00 बजे

**वेबसाइट व नोटिस बोर्ड:** www.ireps.gov.in व वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली।

2754/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर मध्य रेलवे
### भारतीय रेल
### पब्लिक नोटिफिकेशन

उत्तर मध्य रेलवे के भदान स्टेशन के आस पास नीचे दिए गये सेक्शन में 25 के0वी0 ए0सी0 50 हर्टज्स ओवर हेड ट्रैक्शन वायर दिनांक 25.09.2024 या उसके बाद चार्ज कर दिया जायेगा। इस तारीख से ओवर हेड लाइन को हर समय चार्ज लाइन की तरह ट्रीट किया जाएगा और कोई भी अनाधिकृत आदमी इस लाइन तक पहुँचने की कोशिश नहीं करेगा और ना ही कार्य करने की कोशिश करेगा।

| क्रमांक | सेक्शन कार्य का नाम | किलोमीटर/लोकेशन/चैनेज से | तक | चार्ज/उर्जिकृत करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के कानपुर-गाजियाबाद सेक्शन के मध्य भदान स्टेशन (लांगर लूप) के ईस्ट & वेस्ट छोर पर ओएचई रीमॉडलिंग का कार्य। | भदान 1190/12A (Ch. 1190/517.50) & 1191/7A (Ch. 1191/236.00) | भदान 1193/20N (1193/618.97) & 1193/13N (Ch. 1193/456.97) | 25.09.2024 |

1562/24(A) वरि0 विद्युत अभियन्ता/नि0/उत्तर मध्य रेलवे, कानपुर

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **विशाल, पुत्र** दिनेश, **पता:** मकान नं. 414 गली नंबर 11 नेहरू नगर, आनंद पर्वत, **दिल्ली–110005 FIR No. 254/2024 Dt. 29.05.2024 , U/s. 363/376 IPC & 6 Pocso Act. पुलिस थाना आनंद पर्वत, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **विशाल, FIR No. 254/2024 Dt. 29.05.2024 , U/s. 363/376 IPC & 6 Pocso Act. पुलिस थाना आनंद पर्वत, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.10.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सिद्वार्थ मलिक
अतरिक्त सत्र न्यायाधिश–03
(पाक्सो अधिनियम), पश्चिम
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11774/CD/2024
(Court Matter)



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **योगेश उर्फ टिल्लू पुत्र:** श्री सुरेश चंद शर्मा, **पता:** आरजेडबी–63, बाबा हरिदास एन्कलेव, झारोदा नई दिल्ली, ने case **FIR No. 144/2016, U/s 302/201/120B/34 IPC & 25/27 Arms Act. थाना: नजफगढ़ दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **योगेश उर्फ टिल्लू**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **योगेश उर्फ टिल्लू**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 144/2016, U/s 302/201/120B/34 IPC & 25/27 Arms Act. थाना: नजफगढ़ दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **योगेश उर्फ टिल्लू**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.10.2024** को या इससे पहल हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री हरजोत सिंह औजला
जेएमएफसी–11 एमएम–05
द्वारका कोर्ट, दिल्ली

DP/11757/DW/2024
(Court Matter)


# नोएडा के निजी स्कूल में केजी की छात्रा से छेड़छाड़

**नोएडा:** कोतवाली सेक्टर-24 क्षेत्र स्थित निजी स्कूल की केजी की छात्रा (6) से बैड टच का मामला सामने आया है। स्कूल परिसर में काम कर रहे श्रमिक पर बैड टच का आरोप लगा है। सोमवार को हुई वारदात के बाद घर पहुंची बच्ची ने घरवालों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद परिजन स्कूल पहुंचे। परिजनों के मुताबिक, स्कूल प्रबंधन ने आरोपी को पुलिस के हवाले करने की जानकारी दी। हालांकि थाने पहुंचने पर पुलिस ने गिरफ्तारी से इन्कार कर दिया। परिजनों की तहरीर मिलने पर बुधवार देर शाम पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच के लिए तीन टीमें गठित कर दी हैं। पुलिस ने स्कूल प्रबंधन और प्रिंसिपल से पूरे प्रकरण की जानकारी हासिल की है।

कोतवाली सेक्टर-24 क्षेत्र स्थित निजी स्कूल में इन दिनों निर्माण कार्य जारी है। स्कूल परिसर में कई श्रमिक काम कर रहे हैं। सोमवार को केजी की छात्रा स्कूल गई थी। आरोप है कि स्कूल परिसर में श्रमिकों ने बच्ची को गलत तरीके से छुआ। बच्ची वहां से किसी तरह भागकर क्लासरूम में चली गई।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तरूण @ राहुल**, पुत्रः **श्याम लाल**, पताः एच.नं. 221 चिल गांव दिल्ली ने **Fir No 670/2015 U/s 33/58, Delhi Excise Act पुलिस थाना जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **तरूण @ राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **तरूण @ राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Fir No 670/2015 U/s 33/58, Delhi Excise Act पुलिस थाना जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली** के अभियुक्त **तरूण @ राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.10.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री संघमित्रा,
जे.एम.एफ.सी – 01 एस.एच.डी
के.के.डी कोर्ट, दिल्ली

DP/11835/SHD/2024



## उत्तर रेलवे
### इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 08241504 | प्रोक्योरमेंट ऑफ रिले क्यू एन 1 | 2396 नग | 30-09-24 |
| 02 | 11243802 | एल्युमीनियम चेकरड शीट | 82691 किलोग्राम | 30-09-24 |
| 03 | 07241030A | डस्ट शील्ड स्प्रिंग, फॉर एक्सल बॉक्स गाइड | 133558 नग | 30-09-24 |
| 04 | 07241487 | ऑक्सलियर्य रिजर्वायर, 200 लिटर्स | 490 नग | 30-09-24 |
| 05 | 77245137 | मनुफैक्टरिंग एंड सप्लाई ऑफ रेल स्क्रू फॉर गार्ड | 148800 नग | 02-10-24 |
| 06 | 07240449 | ओवरहालिंग किट फॉर डंप वाल्व | 2623 सेट | 03-10-24 |
| 07 | 09242493 | पी ओ एच किट फॉर के ई 2 सी एस एल ए डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व | 2410 सेट | 03-10-24 |
| 08 | 77249011 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर स्पेशल बेअरिंग प्लेट | 500 सेट | 03-10-24 |
| 09 | 07241176A | सोल बार | 1044 नग | 03-10-24 |
| 10 | 07240315 | बस टाइप ग्लास शटर फॉर विंडो | 8000 नग | 03-10-24 |
| 11 | 10240072A | फायर रिटारडेन्ट उपहाइस्टरी क्लॉथ | 2100 मीटर | 07-10-24 |
| 12 | 15245053 | सी एन सी अंडर फ्लोर व्हील लेथ मशीन | 03 नग | 14-10-24 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं0 48 / 2024–2025 दिनांक 04.09.2024 2764/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
### ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा डीलक्स पे एंड यूज़ शौचालय BOT, MOT और ROMT के आधार पर अनुबंध लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली "जैसा है जहां है" के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / साइट् |
|---|---|---|
| PaynUse05-2024 | दिनांक 19.09.2024 को 15:00 बजे | नई दिल्ली (NDLS) - 4 साइट्, बादली (BHD) - 1 साइट्, पानीपत (PNP) - 1 साइट्, कुल - 6 साइट्स / स्थल |
| PaynUse06-2024 | दिनांक 20.09.2024 को 15:00 बजे | ओखला (OKA) - 1 साइट्, हजरत निजामुद्दीन (HNZM) - 1 साइट्, पटेल नगर (PTNR) - 1 साइट्, शिवाजी ब्रिज (CSB) - 1 साइट्, कुरुक्षेत्र (KKDE) - 1 साइट् कुल - 5 साइट्स / स्थल |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है : https://ireps.gov.in/**

**ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ:-**

**आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:**

- ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एसबीआई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।
- ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी** : वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055; **Email:** sanitationcell@gmail.com, **Tel:** 011-23743084

सं.: 7PUB/TN/Pay&UseToilets/Auction/2022 दिनांक: 04.09.2024 2762/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पैसे वापस मांगने पर हुई मारपीट

**नोएडा:** नोएडा फेस 2 स्थित सब्जी मंडी में बुधवार को उधारी की रकम मांगने को लेकर दो दुकानदारों के बीच हिंसक झगड़ा हो गया। इस विवाद में दोनों पक्षों के दो दर्जन से अधिक लोग शामिल हो गए, और मारपीट की यह घटना अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। बताया गया कि एक दुकानदार ने दूसरे दुकानदार से 32 हजार रुपए की उधारी की रकम वापस मांगी जिससे विवाद उत्पन्न हो गया।


## उत्तर रेलवे
### खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर – चतुर्थ के तहत 1 वर्ष की अवधि के लिए सहायक मंडल अभियंता रोहतक सहायक मंडल अभियंता जींद और सहायक मंडल अभियंता जाखल के तहत ट्रैक के निरीक्षण और गश्त के लिए आउटसोर्स कर्मचारियों को नियुक्त करना। |
| अनुमानित लागत | (1) Rs.99,99,926.31 |
| धरोहर राशि | (1) Rs.2,00,000.00 |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 04.09.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 27.09.2024 को 15.30 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.gem.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या : 128-डब्लू / 260 / निविदा सूचना / जैम / 2024 / बी / 5314249
दिनांक: 04.09.2024 2757/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## नौएडा
## नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा-201301, (उ.प्र.)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाईट : www.noidaauthorityonline.in एवं https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

**नवीन निविदा कार्य :-**

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 22/उ.म.प्र./वरि.प्र.–(वि./यॉ.)-II/2024-25/ई.नि. | चेयरमैन कैंप ऑफिस सैक्टर-14ए नौएडा में ऑडियो कॉन्फ्रैंस सिस्टम उपलब्ध कराने का कार्य। | 25.19 |
| 2 | 23/उ.म.प्र./वरि.प्र.–(वि./यॉ.)-II/2024-25/ई.नि. | सैक्टर-14ए, नौएडा में स्टाफ क्वार्टर में स्थापित डी.जी. सेट का वार्षिक मरम्मत रखरखाव का कार्य। | 27.17 |
| 3 | 07/DGM(E/M)Sr.M(E/M)-IV/2024-25 | नौएडा–ग्रेटर नौएडा एक्सप्रेस–वे स्थापित पोलो पर स्थापित ट्राई कलर लाइटों के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। | 12.33 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 19.09.2024 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 20.09.2024 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

**रि निविदा कार्य :-**

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 05/DGM(E/M)/Sr.M(E/M)-IV/2024-25 | सैक्टर-151 के बारातघर में विद्युत विकास एवं आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य। | 29.21 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 12.09.2024 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 13.09.2024 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

उप महाप्रबंधक
(वि./यॉ.) नौएडा

कार्यालय : सैक्टर-39 नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# एक सप्ताह पहले बुकिंग, कैशलेस सुविधा

## दिल्ली में अगले 10 दिनों में प्रीमियम बस सेवा होगी शुरू, परिवहन मंत्री ने उबर शटल का किया निरीक्षण

**सुविधा**

**लाइसेंस मिलने के बाद एनसीआर के लिए दो कंपनियों ने अपनी बसें सड़कों पर उतार दी हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राज**धानी में प्रदूषण से निपटने और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार अगले 10 दिनों में दिल्ली मोटर व्हीकल लाइसेंसिंग आफ एग्रीगेटर (प्रीमियम बस) योजना 2023 के तहत प्रीमियम बस सेवा का उद्घाटन करेगी।

**उबर और आवेग कंपनी शामिल**

इस योजना के तहत लाइसेंस मिलने के बाद एनसीआर के लिए दो कंपनियों ने अपनी बसें सड़कों पर उतार दी हैं। इनमें उबर और आवेग कंपनी शामिल हैं। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने इस ऐप आधारित बस सेवा के तहत उबर द्वारा शुरू की गई उबर शटल का राजघाट पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद गहलोत ने कहा कि दिल्ली प्रीमियम बस योजना न केवल सार्वजनिक परिवहन को अधिक आरामदायक और आकर्षक बनाने के लिए बनाई गई थी, बल्कि पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन विकल्पों को प्रोत्साहित करके वायु प्रदूषण को कम करने के लिए भी डिजाइन की गई है।

**दिल्ली के लिए परिवहन क्षेत्र में एक नई शुरूआत**

प्रीमियम बस योजना दिल्ली के लिए परिवहन क्षेत्र में एक नई शुरूआत है। इससे न केवल ट्रैफिक को कम करने में मदद मिलेगी, बल्कि स्वच्छ, हरित दिल्ली के हमारे व्यापक लक्ष्य में भी योगदान मिलेगा। प्रीमियम बस योजना को गत नवंबर में अधिसूचित किया गया था। यात्रियों को ऐप के माध्यम से एक सप्ताह पहले तक सीटों की प्री-बुकिंग, बस की लाइव लोकेशन और रूट को ट्रैक करने, उसके आगमन के अपेक्षित समय (ईटीए) को देखने और कैशलेस भुगतान करने की सुविधा मिलेगी।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने अवमानना के मामले में विकीपीडिया के प्रतिनिधि को किया तलब

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक न्यूज एजेंसी को सरकार का प्रोपेगैंडा टूल बताने पर विकीपीडिया को कोर्ट की अवमानना का नोटिस जारी किया है। जस्टिस नवीन चावला की बेंच ने कहा कि अगर आगे कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं होगा तो हम कड़ाई से निपटेंगे। कोर्ट ने 25 अक्टूबर को अगली सुनवाई की तिथि नियत करते हुए विकीपीडिया के प्रतिनिधि को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। न्यूज एजेंसी ने आरोप लगाया था कि विकीपीडिया वेबसाइट पर उनके बारे में सूचना दी गई है कि वो सरकार का प्रोपेगैंडा टूल है। इस पर हाई कोर्ट ने विकीपीडिया को आदेश दिया था कि वो इस सूचना को लिखने वाले यूजर का खुलासा करें लेकिन विकीपीडिया ने यूजर का खुलासा नहीं किया। आज सुनवाई के दौरान पूर्व के आदेश का विकीपीडिया की ओर से पालन नहीं होने पर नाराज हाई कोर्ट ने कहा कि अगर आगे भी आदेश का पालन नहीं किया गया तो तो हम कड़ाई से निपटेंगे। सुनवाई के दौरान विकीपीडिया ने कहा कि उसका मुख्यालय भारत में नहीं है। इस पर हाई कोर्ट ने कहा कि आपका मुख्यालय भारत में नहीं है, इसका कोई मतलब नहीं है।

# तिहाड़ जेल में केजरीवाल से मुलाकात की मांग खारिज




**आरोप**

**हाई कोर्ट ने कहा कि पाठक ने मुख्यमंत्री से मिलने के बाद जो बयान दिए वह जेल नियमों के खिलाफ है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक की दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से तिहाड़ जेल में मुलाकात की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने केजरीवाल से मुलाकात के बाद पाठक की ओर से दिए गए उनके बयान पर नाराजगी जताई। हाई कोर्ट ने कहा कि पाठक ने मुख्यमंत्री से मिलने के बाद जो बयान दिए वह जेल नियमों के खिलाफ है क्योंकि उनका बयान मुख्यमंत्री के एजेंट या प्रवक्ता की तरह था। पाठक ने केजरीवाल की ओर से जो बयान दिए थे उन बयानों को बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्र के अधिकार का प्रयोग करते हुए या दिल्ली जेल नियम द्वारा लगाए गए उचित प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए दिए गए थे। हाई कोर्ट ने 22 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान संदीप पाठक की ओर से पेश वकील ने कहा था कि केजरीवाल से जेल में मुलाकात की अनुमति नहीं देना मनमाना और गैरकानूनी है।

जेल प्रशासन ने संदीप पाठक को केजरीवाल से अप्रैल में दो बार मिलने की अनुमति दी थी लेकिन इस बार मुलाकात करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। जेल प्रशासन ने ये कहते हुए मुलाकात की अनुमति नहीं दी थी कि केजरीवाल से मुलाकात के बाद संदीप पाठक ने जो बयान दिया था वो राजनीति से प्रेरित थे और वो जेल नियमों का उल्लंघन है। संदीप पाठक की ओर से कहा गया था कि उन्होंने दिल्ली प्रिजन रूल्स के रूल 587 का कोई उल्लंघन नहीं किया है, जैसा कि तिहाड़ जेल की ओर से कहा जा रहा है। जेल प्रशासन की ओर से दावा किया गया था कि पिछली बार केजरीवाल से मुलाकात के बाद संदीप पाठक ने कहा था कि केजरीवाल मुख्यमंत्री हैं और मुख्यमंत्री रहेंगे और अगर जरूरत पड़ी तो जेल से सरकार चलेगी। जेल प्रशासन ने कहा था कि संदीप पाठक ने बयान दिया था कि मुख्यमंत्री हर हफ्ते दो मंत्रियों से मुलाकात करेंगे और विभागों की समीक्षा करेंगे और उन्हें दिशा-निर्देश जारी करेंगे।

# न्याय की मांग को लेकर रेजिडेंट डॉक्टरों ने निकाला कैंडल मार्च




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में जूनियर डॉक्टर के साथ रेप-मर्डर के मामले को लेकर न्याय की मांग और विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्वी दिल्ली के यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड गुरु तेगबहादुर हॉस्पिटल के रेजिडेंट डॉक्टरों ने कैंडल मार्च निकाला और मानव श्रृंखला बनाई। रेजिडेंट डॉक्टरों ने कहा कि आज हम कैंडल मार्च निकालकर अपने साथी और बहन के लिए इंसाफ की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे भारत में डॉक्टर कैंडल मार्च निकालकर यह प्रोटेस्ट कर रहे हैं। कल सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई है, हम यह उम्मीद करते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय हमारी बहन को न्याय देगा। इस पूरे मामले में जो बड़े-बड़े दोषी हैं उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। जीटीबी हॉस्पिटल के गेट नंबर 6 से अस्पताल के आवासीय परिसर तक निकले कैंडल मार्च में रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएनश के अध्यक्ष डॉ रजत शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ पार्थ मिश्रा और डॉ निश्चल यथागिरी, महासचिव डॉ समिधा कुशवाहा और डॉ बसंत जिंदल के साथ यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड गुरु तेगबहादुर हॉस्पिटल के रेजिडेंट डॉक्टर काफी संख्या में शामिल रहे। इस दौरान मानव श्रृंखला का भी आयोजन किया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक मार्च नहीं है बल्कि एक सामूहिक गर्जना है, जो आरजे कर अस्पताल की घटना के दोषियों को सामने लाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# बर्खास्त ट्रेनी पूजा की गिरफ्तारी पर लगी रोक बढ़ी



**राहत**

**हाईकोर्ट ने 12 अगस्त को पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी थी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने महाराष्ट्र की बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर लगी रोक 26 सितंबर तक बढ़ा दी है। आज सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कहा कि इस मामले में जांच करने के लिए और समय दिया जाए। उसके बाद कोर्ट ने सुनवाई 26 सितंबर तक टालते हुए पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर लगी रोक 26 सितंबर तक बढ़ाने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस ने पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि उसने फर्जी दिव्यांगता प्रमाणपत्र जमा किया था। दिल्ली पुलिस ने हाई कोर्ट में दाखिल स्टेटस रिपोर्ट में कहा कि उसने सिविल सेवा की 2022 और 2023 में दी गई परीक्षा में दो अलग-अलग दिव्यांगता प्रमाणपत्र जमा किए। ये दिव्यांगता प्रमाणपत्र कथित तौर पर महाराष्ट्र के अहमदनगर के मेडिकल अथॉरिटी ने जारी किये थे। दिल्ली पुलिस की वेरिफिकेशन में पता चला कि अहमदनगर की अथॉरिटी ने इन्हें जारी करने से इनकार किया है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक पूजा खेडकर ने ये दिव्यांगता प्रमाणपत्र यूपीएससी परीक्षा में रियायत पाने के लिए दिए थे। इन्हीं रियायतों की वजह से पूजा खेडकर परीक्षा में सफल रही थी। इससे पहले 29 अगस्त को सुनवाई के दौरान पूजा खेडकर की ओर से पेश वकील ने कहा था कि यूपीएससी एक बार नियुक्त करने के बाद किसी को हटा नहीं सकता है। हटाने का अधिकार केंद्र सरकार के कार्मिक विभाग को है। उन्होंने इन आरोपों को खारिज किया था कि पूजा खेडकर ने अपने सरनेम में कभी कोई बदलाव किया। उन्होंने कहा था कि पूजा खेडकर ने 2012 से लेकर 2022 तक अपने नेम और सरनेम में कोई बदलाव या कोई धोखाधड़ी नहीं की है। उनकी जन्मतिथि, आधार कार्ड और एकेडमिक सर्टिफिकेट में कभी कोई बदलाव नहीं किया गया। हाई कोर्ट ने 12 अगस्त को पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

# नड्डा ने आडवाणी की भाजपा सदस्यता का किया नवीनीकरण



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत गुरुवार को केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी की सदस्यता को नवीनीकृत करने के लिए दिल्ली में वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी के आवास पर पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात की और उनकी पार्टी सदस्यता का नवीनीकरण किया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने मीडिया को बताया कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के लिए यह बहुत खुशी की बात है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात की और उनकी भाजपा सदस्यता का नवीनीकरण किया।

# दिल्ली कोचिंग हादसे में तीन छात्रों की मौत के मामले में सीबीआई को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में राउज आईएएस स्टडी सर्कल में जलसैलाब से हुई तीन छात्रों की मौत के मामले में गिरफ्तार कोचिंग सेंटर के चार सह मालिकों की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को नोटिस जारी किया है। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा की बेंच ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 11 सितंबर को करने का आदेश दिया। हाई कोर्ट में तेजिंदर सिंह, परविंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह ने जमानत याचिका दायर की है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 23 अगस्त को इन चारों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। इसी आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। राऊज एवेन्यू कोर्ट में जमानत पर सुनवाई के दौरान कोचिंग मालिकों की ओर से पेश वकील ने कहा था कि जमानत याचिका पर भावनाओं से नहीं बल्कि मामले और कानून के तथ्यों के आधर पर सुनवाई की जाए। जब एजेंसी कार्रवाई नहीं करती तो यह भी अपराध का हिस्सा है। दिल्ली नगर निगम के अधिकारी सब कुछ जानते हैं लेकिन वो कुछ नहीं करते। सह-मालिकों के वकील ने कहा कि बड़े पैमाने पर जनता की भावनाओं को शांत करने के लिए निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया गया। क्या आरोपितों को फावड़ा उठाकर नालियों की सफाई शुरू कर देनी चाहिए। दिल्ली हाई कोर्ट ने 2 अगस्त को इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। इसके पहले तीस हजारी कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने चारों सह मालिकों की जमानत याचिका का निस्तारण करते हुए कहा था कि अब ये मामला सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया है।

# गुरु ग्रन्थ साहिब की संथ्या हर सिख के लिए जरुरीः जसप्रीत सिंह

## एतिहासिक गुरुद्वारों में करवाई जायेगी गुरु ग्रन्थ साहिब की संथ्या



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शिक्षक दिवस के मौके पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी धर्म प्रचार के चेयरमैन जसप्रीत सिंह करमसर ने कहा कि हर गुरसिख के लिए गुरु ग्रन्थ साहिब से बड़ा कोई शिक्षक नहीं हो सकता इसलिए जिसने भी गुरु ग्रन्थ साहिब की बाणी को पढ़कर, समझकर अपने जीवन में अपना लिया उसके सभी कार्य स्वयं ही पूरे होते चले जाते हैं। सः जसप्रीत सिंह करमसर ने कहा गुरु अर्जुन देव जी ने गुरु साहिबान, संत महापुरुष, भगत साहिबान की बाणी को एकत्र कर एक ऐसा ग्रन्थ तैयार किया जिसमें हिन्दु मुस्लिम, उंच नीच का भेदभाव दूर कर सभी को एक सामान जानकर उनकी बाणी उसमें दर्ज की गई। उसके बाद गुरु गोबिन्द सिंह जी ने ना सिर्फ गुरु ग्रन्थ साहिब में गुरु तेग बहादुर जी बाणी जोड़कर उसे सम्पूर्ण किया बल्कि गद्दी सौंप गुरु का दर्जा देते हुए सभी सिखों को गुरु ग्रन्थ साहिब को जीवित गुरु मानने का आदेष दिया। मगर अफसोस कि आज की युवा पीड़ी गुरुद्वारों में जाकर गुरु ग्रन्थ साहिब को नतमस्तक तो होती है पर उसे पढ़ने यां फिर समझने की कोशिश नही की जाती। जिसके चलते दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी ने एक मुहिम शुरू की है जिसके तहत सोमवार, मंगलवार, बुधवार को सुबह 10 से 11 बजे तक गुरु ग्रन्थ साहिब की बाणी का शुद्ध उच्चारण सिखाया जायेगा। इसी प्रकार वीरवार और शुक्रवार को गुरुद्वारा शीशगंज साहिब और शनिवार, रविवार को गुरुद्वारा नानक प्याउ साहिब में इस कार्यक्रम को किया जायेगा। उन्होंने सभी सिख संगतों से अपील की है कि जो सिख परिवार अभी भी गंरु ग्रन्थ साहिब का पाठ करने में स्वयं को सक्षम नहीं समझते वह स्वयं भी आएं और अपने बच्चों को भी यहां लेकर आएं ताकि गुरबाणी का शुद्ध उच्चारण सीखकर वह गुरु ग्रन्थ साहिब का पाठ ना सिर्फ करें बल्कि समझते हुए अपने जीवन में उनकी शिक्षाओं को अपनाएं भी।

## हरियाणा में आप के गठबंधन की चर्चा से दिल्ली कांग्रेस के नेता परेशान?



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** हरियाणा में गठबंधन की चर्चाओं के बीच राजधानी के कांग्रेसी भी सकते में आ गए हैं। कारण, अगर हरियाणा में आप और कांग्रेस का गठबंधन सिरे चढ़ गया तो फिर दिल्ली में भी इसके लिए दबाव बढ़ जाएगा। जबकि प्रदेश कांग्रेस दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप का साथ किसी भी सूरत में नहीं चाहती। पार्टी सूत्रों के अनुसार, हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जब से आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन की बैठकों का दौर शुरू हुआ है, दिल्ली में भी कांग्रेसी परेशान हो गए हैं। दरअसल, प्रदेशाध्यक्ष देवेंद्र यादव जहां लगातार पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं, वहीं आप सरकार पर भी पूरी तरह हमलावर हैं। विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भी संभावित प्रत्याशी अपने स्तर पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।




# दिल्ली की यमुना में दिख रहा मौसम का असर

## पिछले कुछ दिनों से हो रही वर्षा और हथनी कुंड से पहले की तुलना में अधिक पानी छोड़े जाने से यमुना का जलस्तर बढ़ने लगा



**निगरानी बढ़ाई**

**चार बजे अधिकतम 46418 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। उसके बाद इसमें कमी आने लगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** मौसम का असर यमुना के जलस्तर पर दिखने लगा है। पिछले कुछ दिनों उत्तर भारत में हो रही वर्षा और हथनी कुंड से पहले की तुलना में अधिक पानी छोड़े जाने से यमुना का जलस्तर बढ़ने लगा है। दिल्ली में लोहा पुल के पास यमुना में पानी चेतावनी स्तर के नजदीक पहुंच गया, बुधवार को इसमें कुछ गिरावट हुई है। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग का दावा है कि किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है।

**चेतावनी स्तर से कुछ कम पर था जलस्तर:** लोहा पुल के मंगलवार रात लगभग 11 बजे यमुना का जलस्तर 204.40 मीटर तक पहुंच गया। यह चेतावनी स्तर 204.5 मीटर से कुछ कम है। मौसम व हथनी कुंड से छोड़े जा रहे पानी को देखते हुए कभी भी यह यमुना चेतावनी स्तर के ऊपर पहुंच सकती है। इसे ध्यान में रखकर सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है। अभी खतरे की कोई आशंका नहीं है।

**हथनी कुंड से छोड़ा गया पानी:** हथनी कुंड से चार बजे अधिकतम 46418 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। उसके बाद इसमें कमी आने लगी। देर शाम आठ बजे यमुना का जलस्तर 203.39 दर्ज किया गया। इसे और बढ़ने की आशंका जताई जताई जा रही है।

# टिकट के बाद भाजपा में मची भगदड़, कांग्रेस ने होल्ड की सूची

**घमासान**

**सैलजा व सुरजेवाला से पार्टी ने सभी 90 सीटों पर मांगे सुझाव, गठबंधन पर आज लगेगी मुहर**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद मचे घमासान से सतर्क कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की सूची होल्ड कर दी है। कांग्रेस अब प्रत्याशियों व दावेदारों को सोचने के लिए ज्यादा समय नहीं देगी। प्रदेश में गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कांग्रेस प्रभारी यह दावा कर चुके हैं कि पार्टी द्वारा 66 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम फाइनल किए जा चुके हैं। वहीं बची 24 सीटों पर मंथन के लिए कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री की अध्यक्षता में हरियाणा कांग्रेस की सब कमेटी की बैठक आज भी हुई। कांग्रेस हरियाणा में गठबंधन की राजनीति को आगे बढ़ाना चाहती है। जिसके चलते गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ सीट आवंटन को लेकर फार्मूले पर अंतिम मुहर लगने की उम्मीद है। कुमारी सैलजा व रणदीप सुरजेवाला ने जिन सीटों के लिए अपने समर्थकों के नाम दिए हैं, उन पर पार्टी अभी तक कोई फैसला नहीं ले सकी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक महेंद्रगढ़ से विधायक राव दान सिंह और समालखा से विधायक धर्म सिंह छौंकर के टिकट पर पेंच फंसा हुआ है। बाबरिया दोनों को टिकट देने के पक्ष में नहीं है, जबकि हुड्डा दोनों की पैरवी कर रहे हैं। चर्चा यह भी है कि राव दान सिंह ने बेटे अक्षत राव का नाम टिकट के लिए सामने रखा है, लेकिन फीडबैक के बाद प्रभारी उनके पक्ष में भी नहीं है। वहीं सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार को भी टिकट मिल सकती है।

अभी वह ईडी के केस में जेल में बंद हैं। पंवार न लड़े तो फिर उनके बेटे या बहू भी उम्मीदवार हो सकती हैं। इस बीच कुमारी सैलजा ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनसे सभी 90 सीटों के लिए सुझाव मांगे गए हैं। वह अपना सुझाव दे चुकी हैं।

## टिकट कटने से नाराज रतिया से भाजपा विधायक लक्ष्मण नापा ने छोड़ी पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में रतिया विधानसभा सीट के विधायक ने टिकट कटने पर बगावत करते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। भाजपा ने इस सीट से सुनीता दुग्गल को मैदान में उतारा है। फतेहाबाद जिले की रतिया विधानसभा से मौजूदा विधायक लक्ष्मण नापा ने बुधवार को देर रात अपना इस्तीफा पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को भेज दिया है। यहां से भाजपा ने लक्ष्मण नापा का टिकट काटकर यहां से पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को मैदान में उतारा है। सुनीता दुग्गल को टिकट मिलने की घोषणा होते ही विधायक लक्ष्मण नापा ने नाराजगी जताते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद वे लक्ष्मण नापा दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं और आज शाम तक उनके कांग्रेस ज्वाइन करने के भी आसार हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस टिकट न मिलने पर नापा रतिया से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ सकते हैं। बता दें कि वर्ष 2014 में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ चुकी पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल पर पार्टी ने फिर से विश्वास जताया है। दुग्गल इनेलो उम्मीदवार रविंद्र बलियाला से मात्र 450 वोटों से हार गई थीं। इस चुनाव में उनके नाम को लेकर विधायक लक्ष्मण नापा, भाजपा जिला प्रधान बलदेव ग्रोहा समेत रतिया के कई कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया था। रतिया की सरपंच एसोसिएशन ने भी भाजपा हाईकमान को पत्र लिखकर नापा या बलदेव ग्रोहा को टिकट देने की मांग की थी। इसके बावजूद सुनीता दुग्गल टिकट लाने में कामयाब हो गईं। दुग्गल आईआरएस की नौकरी छोडकर राजनीति में आई थीं। लोकसभा चुनाव में उनकी टिकट कटी थी, जिसकी भरपाई अब की गई है।

## टिकट मिलने के बाद किरमारा धाम पहुंचे दुड़ाराम



**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट मिलने के बाद स्थानीय विधायक दुड़ाराम के घर बधाई देने वालों की भीड़ लगी है। विधायक निवास पहुंचे कार्यकर्ता व समर्थक एक-दूसरे का मुहं मीठा करवाकर लड्डू बांट रहे हैं। टिकट मिलने के बाद विधायक दुड़ाराम गुरुवार सुबह किरमारा धाम पहुंचे और पूजा अर्चना कर विधानसभा के नागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। दुड़ाराम 11 सितंबर को अपना नामांकन करेंगे। दुड़ाराम ने दोबारा फतेहाबाद विधानसभा से उम्मीदवार बनाने पर केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, धर्मेन्द्र प्रधान, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, सह प्रभारी विप्लव देव, मुख्यमंत्री नायब सैनी व प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल कौशिक सहित पूरे संगठन ने उन पर जो भरोसा दिखाया है, उस पर वह खरा उतरेंगे। विधायक दुड़ाराम ने कहा कि वह 11 सितंबर को अपना नामांकन पत्र भरेंगे। दुड़ाराम ने कहा कि उन्होंने पिछले 5 सालों में फतेहाबाद विधानसभा में करोड़ों के विकास कार्य करवाए हैं।

**न्यूज फ्लैश**

### एससी आरक्षण वर्गीकरण पर कांग्रेस को जवाब देंगे दलित: कटारिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** सुप्रीम कोर्ट के एससी आरक्षण वर्गीकरण को लेकर दिए गए फैसले के तहत आरक्षित बची सीटें सामान्य वर्ग में नहीं जाएंगी। केंद्र व हरियाणा सरकार ने दलितों के इस संशय को दूर करते हुए साफ किया है कि आरक्षित सीटों पर एससी वर्ग की ही भर्तियां होंगी और बची हुई सीटें बैकलॉग में जाएंगी। एससी सीटों को सामान्य वर्ग के हिस्से में नहीं दिया जाएगा। आरक्षण को लेकर पिछले काफी दिनों से फैलाए जा रहे भ्रम पर दलित वर्ग का संशय दूर होते ही एससी समाज ने गुरुवार को चंडीगढ़ में एकजुटता दिखाई है। चंडीगढ़ में दलित नेता सुदेश कटारिया के नेतृत्व में रविदास सभा प्रधान पलवल जोगेंद्र सिंह, जिला प्रमुख महेंद्रगढ़ डॉ. राकेश कुमार, अंबेडकर सभा पानीपत प्रधान राकेश कुमार, अंबेडकर सभा तावडू से कुलदीप सरपंच, एससी एसोसिएशन बिलासपुर प्रधान कर्मचंद सरपंच, रविदास सभा हिसार सरवर भानखुड़ समेत बड़ी संख्या में दलित नेता प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए दलित नेताओं ने कहा कि कांग्रेस की ओर से भ्रम फैलाया जा रहा था कि एससी वर्ग की आरक्षित सीटों पर सामान्य वर्ग की भर्तियां होगी, जिससे दलित वर्ग को नुकसान पहुंचेगा। इसके साथ ही क्रीमिलेयर लागू करने का शिगूफा भी विपक्ष ओर से छोड़ा गया है, जिससे दलित समाज भ्रमित हो गया। मगर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के साथ हरियाणा सरकार ने स्पष्ट किया कि एससी आरक्षण वर्गीकरण के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं होगी। आरक्षित सीटों पर एससी वर्ग के ही भर्ती होगी, यदि सीटें बच जाती हैं तो उन पर सामान्य वर्ग नहीं, बल्कि बैकलॉग में भेजा जाएगा, ताकि बैकलॉग के हिसाब से उन्हें भरा जाए। सुदेश कटारिया ने कहा कि विपक्ष की ओर से फैलाये जा रहे भ्रम का जवाब देने के लिए जिला व ब्लाक स्तर पर टीमें गठित की गई हैं, जोकि फील्ड में उतरकर न केवल विपक्ष के भ्रम का जवाब देगा, बल्कि भाजपा की हैट्रिक लगाने में भी सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा स्पष्ट किया गया है कि एससी आरक्षण वर्गीकरण के तहत कोई योग्य उम्मीदवार वंचित अनुसूचित जाति से नहीं मिलता है तो उस स्थिति में अन्य अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों में से उस पद के लिए चयन किया जाएगा। एससी वर्ग को 20 प्रतिशत आरक्षण पहले की तरह मिलता रहेगा। आरक्षित बची हुई सीटें किसी भी सूरत में सामान्य वर्ग में नहीं जाएंगी।

### गौ रक्षा के नाम पर गुंडागर्दी और हत्यारी मुहिम पर तुरंत रोक लगनी चाहिए: सीटू

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** सीटू प्रदेश अध्यक्ष सुरेखा एवं महासचिव जयभगवान ने कहा कि 27 अगस्त को दादरी में पश्चिम बंगाल के प्रवासी मजदूर साबिर की गोमांस पकाने के आरोप में तथाकथित गोरक्षों ने पीट पीट कर हत्या कर दी गई। ऐसे ही तथाकथित गौ रक्षकों द्वारा फरीदाबाद में 12वीं कक्षा के छात्र आर्यन की गाड़ी का पीछा करते हुए गोलियां चलाई गई जिसमें आर्यन को अपनी जान गंवानी पड़ी है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भी बीजेपी- आरएसएस द्वारा मेवात में सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की पूरी कोशिश की गई थी जिसे हरियाणा की जनता ने विफल किया था। गौ रक्षा के नाम पर हथियार बंद गिरोहों द्वारा राज्य में आतंक पैदा किया हुआ है। भाजपा सरकार के संरक्षण में इन हथियारबंद दस्तों को गोरक्षा के नाम पर संगठित किया गया है। ये आपराधिक दस्ते पशुपालक अल्पसंख्यकों को तो निशाना बनाते ही हैं साथ ही ये घटनाक्रम प्रमाणित करता है कि कोई भी इनका शिकार हो सकता है। महासचिव जय भगवान ने कहा कि भीड़ द्वारा की गई हत्या को साधारण प्रतिक्रिया बताने और हत्यारों को संरक्षण देने वाले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ब्यान की सीटू राज्य कमेटी कड़ी निन्दा करती है और प्रदेश की जनता से बीजेपी की सांप्रदायिक नफरत फैलाने वाली राजनीति को मात देने की अपील करती है। भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए लगातार सांप्रदायिक नफरत एवं हिंसा का सहारा लेती रही है। अभी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हरियाणा में धार्मिक ध्रुवीकरण करने के लिए फिर से सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। शिक्षा स्वास्थ्य बेरोजगारी एवं महंगाई जैसे मुद्दों पर प्रदेश की जनता में लगातार असंतोष बढ़ रहा है। इन मुद्दों को लेकर प्रदेश में लगातार मजबूत होते आंदोलनो को कमजोर करने के लिए इसी जातीय एवं सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का सहारा ले रही है। मेहनतकश जनता की एकता को तोड़कर सत्ता में बने रहने के लिए सरकार हमारी आने वाली नस्लों को बर्बाद करने का खेल खेल रही है। सीटू हरियाणा की जनता से अपील करती है भाजपा- आरएसएस की सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की राजनीति को मात दें।

## 'गुरू बिना ज्ञान नहीं, गुरू बिना सम्मान नहीं': राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के तृतीय दीक्षांत समारोह में पदक व उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व शोधार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरू बिना ज्ञान नहीं, गुरू बिना सम्मान नहीं, गुरू ही हमें बनाते महान उनके बिना हमारा नहीं कोई मान। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे जीवन में शिक्षकों का क्या महत्व है। शिक्षक न केवल हमें पढ़ाते हैं, बल्कि हमें जीवन के सही मार्ग पर चलना भी सिखाते हैं। सही और गलत का भेद सिखाते हैं। एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। एक अच्छा शिक्षक अपने छात्रों में न केवल ज्ञान का बीज बोता है, बल्कि उन्हें जीवन के हर पहलू में सफल बनने के लिए तैयार करता है। इसलिए जीवन में शिक्षा और शिक्षक दोनों का ही महत्व कहीं अधिक है।

विद्यार्थियों के जीवन का सबसे यादगार पल रहेगा क्योंकि आज उन्हें उनके परिश्रम का फल इन उपाधियां एवं पदकों के रूप में मिल रहा है। आज इस दीक्षांत समारोह में 08 शोधकर्ताओं को पी. एच. डी. की उपाधि प्रदान की गई और 97 मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक दिए।

## समर्थको की बैठक में कविता जैन की आंखों में आंसू देखे गए

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** विधानसभा चुनाव में सोनीपत से टिकट नहीं दिए जाने पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि सोनीपत की जनता की सेवा के लिए उन्होंने व उनके पति राजीव जैन ने 38 वर्ष दिए हैं। इन लोगों की भलाई से लेकर संगठन को बुनने के लिए उन्होंने दिनरात जो मेहनत की है, उसकी अनदेखी किए जाने से इलाके के लोगों में गुस्सा है। आगामी 8 सितंबर को सोनीपत हलके के कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता हमारे अगले राजनीतिक कदम के लिए जो निर्णय लेगी, हम उसे सिर-माथे करते हुए अपनी आगामी जिम्मेदारी को निभाएंगे। वीरवार सुबह पुरखास अड्डा स्थित कार्यालय में सैंकडों कार्यकर्ताओं, सामाजिक-धार्मिक संगठनों के लोगों ने



एकत्रित होकर सोनीपत विधानसभा की टिकट पूर्व मंत्री कविता जैन को नहीं दिए जाने पर अपने गुस्से का इजहार किया। कार्यकर्ताओं के बीच पहुंची पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि उन्होंने और उनके पति राजीव जैन ने हमेशा भाजपा के अनुशासित व कर्मठ सिपाही के तौर पर काम किया हैं। संगठन को मजबूत बनाने से लेकर हर जिम्मेदारी को निभाने के लिए अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी दरकिनार किया गया। उन्होंने भावुक होकर कहा कि संगठन कहता कि चुनाव नहीं लडवाएंगे और केवल संगठन का काम करवाएंगे तो हम उनके आदेश का पालन करते। मंडल, बूथ से लेकर पन्ना प्रमुख स्तर पर संगठन को शिद्दत

**भावुक हुई**

**सोनीपत की जनता की सेवा के लिए उन्होंने व उनके पति राजीव जैन ने 38 वर्ष दिए है: कविता जैन**

से मजबूत किए जाने से लेकर यात्राएं, रैली को अपने बूते पर करने के बावजूद उनकी अनदेखी किए जाने से पीडा हुई है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद उनके पास संदेश आए थे कि चुनाव की तैयारी करें, आपकी टिकट पक्की हो चुकी है, उसके बाद दो दिन में ऐसा क्या हो गया कि संगठन को उन्हें नजरअंदाज करना पड़ा।

## चर्चा में आ गया पूर्व जेल अधीक्षक सुनील सांगवान को भाजपा का टिकट

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को 6 बार पैरोल-फरलो देने वाले पूर्व जेल अधीक्षक सुनील सांगवान को भाजपा का विधानसभा चुनाव का टिकट खासी चर्चा में है। सुनील सांगवान स्वेच्छिक सेवानिवृति लेकर तीन दिन पहले ही भाजपा में शामिल हुए थे और पार्टी में आते ही उन्हें टिकट दे दिया। रोहतक की सुनारिया जेल में बलात्कार और हत्या के मामले में बंद राम रहीम को 6 बार पैरोल व फरलो देने वाले पूर्व जेल अधीक्षक को

**चर्चा में टिकट**

**सुनील पूर्व मंत्री सतपाल के बेटे हैं। सतपाल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे**

भाजपा ने टिकट दिया है। भाजपा ने दादरी से दंगल गर्ल बबीता फोगाट का टिकट काटकर सुनील सांगवान को मैदान में उतारा है। सुनील सांगवान जेल अधीक्षक के पद से वीआरएस लेकर इसी हफ्ते भाजपा में शामिल हुए थे।

टिकट मिलने के बाद सुनील सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की सोशल मीडिया एंड डिजिटल प्लेटफार्म की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा- कौन इतना नादान है जो इस खबर से हैरान है। वहीं कुछ यूजर ने लिखा- भाजपा में बाबा का खूब दबदबा है। सुनील सांगवान पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान के बेटे हैं। सतपाल सांगवान लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे।

## प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं होने पर भाजपा ने कांग्रेस पर कसा तंज

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों में से 67 पर प्रत्याशियों की सूची जारी करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को ट्वीट करके कांग्रेस की गुटबाजी पर तंज कसा। भाजपा हरियाणा के हैंडल पर कहा गया कि भाजपा उम्मीदवारों की पहली और बड़ी लिस्ट भी आ गई है। कांग्रेस अभी गुटबाजी और ठगबंधन की गांठे नहीं सुलझा पा रही है। अब तो लोग भी कह रहे हैं। हरियाणा कांग्रेस में सबकी अलग-थलग हैं राहें, कोई नहीं किसी को चाहे।

## हिसार से सावित्री जिंदल का निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार देर शाम जारी उम्मीदवारों की सूची में नाम न होने पर गुरुवार सुबह देश की चौथी सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल ने भी बगावत कर दी है। भाजपा से टिकट न मिलने के बाद उन्होंने हिसार से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। सावित्री जिंदल ने समर्थकों से कहा- मैं भाजपा की प्राथमिक सदस्य नहीं हूं। मैं चुनाव न लड़ने के बारे में बोलने के लिए दिल्ली से वापस आई थी, लेकिन आपका प्यार और विश्वास देखकर मैं चुनाव लड़ूंगी। सावित्री मशहूर उद्योगपति और कुरूक्षेत्र से भाजपा सांसद नवीन जिंदल की मां हैं। हिसार सीट पर उनका मुकाबला भाजपा के मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से होगा। सावित्री जिंदल का टिकट कटने की जानकारी मिलते ही हिसार में जिंदल हाउस पर उनके समर्थक जमा हो गए। भाजपा की बुधवार को जारी लिस्ट में हिसार से सावित्री जिंदल का नाम न देख उनके समर्थक गुरूवार सुबह जिंदल हाउस पहुंच गए। उन्होंने सावित्री जिंदल के निर्दलीय चुनाव लड़ने के नारे लगाए। समर्थक उनके पति स्व ओपी जिंदल की फोटो भी लेकर आए थे। इधर, सावित्री जिंदल एक दिन पहले ही दिल्ली रवाना हो गई थी। इस दौरान एक मैसेज



वायरल किया गया, जिसमें जिंदल समर्थकों को जिंदल हाउस पहुंचने को कहा गया था। इसके बाद यहां भीड़ जुट गई। हालांकि जिंदल हाउस का कहना है समर्थक खुद आ रहे हैं। किसी को मैसेज नहीं किया गया।

**सावित्री जिंदल 2.77 लाख करोड़ की मालकिन**

जिंदल परिवार की मुखिया एवं जिंदल समूह की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल देश में चौथे नंबर पर सबसे अमीर हैं। इसके अलावा वह देश की सबसे अमीर महिला भी हैं। सावित्री जिंदल हरियाणा के हिसार की रहने वाली हैं और स्टील किंग स्व. ओपी जिंदल की पत्नी हैं। इनके बेटे नवीन जिंदल कुरूक्षेत्र से भाजपा सांसद हैं। फॉर्च्यून इंडिया ने सबसे अमीर लोगों की सूची जारी की है। जिसके मुताबिक 74 वर्षीय सावित्री देवी जिंदल लगभग 2.77 लाख करोड़ रुपए की मालकिन हैं। टॉप 10 में इकलौती महिला होने के साथ वह चौथे स्थान पर हैं।

## टोहाना: देवेंद्र को भाजपा ने बनाया उम्मीदवार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** फतेहाबाद जिले की टोहना विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने पार्टी के सांसद सुभाष बराला के राजनीतिक धुरविरोधी रहे और पार्टी में शामिल हुए पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली को टिकट दे दी है। टोहाना में भाजपा सांसद बराला और बबली के बीच 36 का आंकड़ा रहा है, लेकिन अब राज्यसभा सांसद सुभाष बराला व टोहाना से विधायक देवेंद्र बबली अब एक ही पार्टी के नेता हो गए हैं। भले ही बराला व बबली एक ही पार्टी में हो गए हैं, लेकिन बराला की ओर से बबली के पक्ष में अभी तक कोई



बयान नहीं दिया गया है। ऐसे में टोहाना का चुनाव देखने वाला होगा। चूंकि बराला के राज्यसभा सांसद बनने के बाद टोहाना में भाजपा के पास कोई बड़ा चेहरा नहीं था। जजपा विधायक देवेन्द्र बबली ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी सैलजा का समर्थन किया था।

**प्रचार में जुटे**

**टोहाना में भाजपा सांसद बराला और देवेंद्र बबली के बीच 36 का आंकड़ा रहा है**

इसके बावजूद कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें पार्टी का प्राथमिक सदस्य न होने की बात कहते हुए टिकट से इंकार कर दिया था।

इसके बाद दो दिन पहले देवेन्द्र बबली भाजपा में शामिल हो गए थे। वर्ष 2019 में बबली ने जजपा से चुनाव लड़ कर भाजपा के सुभाष बराला को करीब 50 हजार वोटों से हराया था। वे अपने पांच साल के कार्यकाल में किसान आंदोलन व सरपंचों का विरोध का सामना करते रहे हैं। सरपंच एसोसिएशन ने ऐलान कर रखा है कि वह चुनावों में बबली का पुरजोर विरोध करेंगे। ऐसे में बबली के सामने टोहाना से सीट निकालना आसान नहीं होगा।

## चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा आयोग, नामांकन प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव आयोग ने मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं से लेकर बुजुर्गों के घर पर मतदान के लिए तमाम प्रबंध किए किये हैं। मतदान केंद्रों पर तैयारियों के सिलसिले में चुनाव आयोग ने गुरुवार को शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल की ओर से हिदायत जारी की गई हैं कि राजकीय स्कूलों में प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी किए जाएं कि 5 अक्टूबर को मतदान वाले दिन शिक्षण संस्थानों में बिजली, पीने का पानी, सफाई इत्यादि के साथ मतदान के दिन अधिकारियों की आवश्यकता अनुसार फर्नीचर की व्यवस्था की जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जिला उपायुक्तों एवं निर्वाचन अधिकारियों को भी पत्र लिखकर हिदायत जारी की हैं कि अपने जिले में मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं को पुख्ता कराएं। शिक्षण संस्थानों में स्थापित किए मतदान केंद्रों में सफाई, पीने के पानी, रैंप, बिजली, फर्नीचर व साफ-सुथरे शौचालयों का प्रबंध अनिवार्य तौर पर किया जाए। चुनाव आयोग की ओर से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 20 हजार 629 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार 817 मतदान केंद्रों में बढ़ोतरी की गई है।

**प्रबंध**

**मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं से लेकर बुजुर्गों के घर पर मतदान के लिए तमाम प्रबंध किए किये**

## दस साल में एक भी बिजली संयंत्र तक नहीं लगा पाई सरकार: सैलजा

### गोरखपुर परमाणु बिजली संयंत्र की ओर गंभीरता से नहीं दिया ध्यान, सबसे महंगी बिजली हरियाणा में

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/सिरसा:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार बिजली बिलों की आड़ में उपभोक्ताओं की जेब काटने में लगी हुई है, आज तक इस सरकार ने अपने कार्यकाल में एक भी बिजली संयंत्र नहीं लगाया और जो पहले से लगे थे हुए वे भी बंद होते जा रहे है, बिजली उत्पादन बढ़ने के बजाए कम हो गया है, अडानी को खुश करने के लिए उनके बिजली संयंत्रों से महंगी दरों पर बिजली खरीदकर उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है। बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को जो



झटका दिया जा रहा है विधानसभा चुनाव में मतदाता भाजपा सरकार को उससे भी बड़ा झटका देगी। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि कभी एफएसए बढ़ा दिया जाता है कभी कोई चार्ज लगा कर बिजली दरों को महंगा कर दिया गया है। उपभोक्ता बढ़ी हुई बिजली दरों से परेशान है, इतना ही नहीं गलत बिजली बिल लोगों के गले की फांस बने हुए है। जिसे ठीक करवाने के लिए सुविधा शुल्क तक देना पड़ता हैद्ध उन्होंने कहा कि कई-कई सालों तक किसानों के ट्यूबवेल कनेक्शन नहीं लगते। सरकार किसानों को चोर समझती है। तार कट के नाम पर किसानों के बिजली कनेक्शन काट देती है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के गांवों में जो लंबे लंबे कट लग रहे हैं। इतना ही नहीं शहरों में लंबे लंबे कट लगाए जा रहे है फिर भी सरकार दावा करती है कि प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं हैं। सरकार की कमजोर प्लानिंग की वजह से हरियाणा में बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही की वजह से महंगी बिजली खरीदने और महंगी बिजली खरीदकर पावर कट झेलने के कारण प्रदेश के व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसलिए प्रदेश से उद्योगों के पलायन का एक मुख्य कारण बिजली है। जिसकी वजह से बेरोजगारी भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार न तो अपने पॉवर प्लांटों को ठीक करवाती है और न ही प्रदेश के लोगों को अच्छी बिजली मिले इसके लिए कोशिश कर रही है। भाजपा का कोई एक राज्य नहीं है, जहां 24 घंटे बिजली आती है। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद जिला के गांव गोरखपुर में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने परमाणु बिजली संयंत्र का शिलान्यास किया था।

# शिक्षक वास्तविक रूप से किसी भी राष्ट्र एवं समाज का दर्पण होता है: श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः गुरु शिष्य** परम्परा भारतीय सनातन वैदिक संस्कृति की एक पवित्र एवं महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके अनेक स्वर्णिम उदाहरण इतिहास में अंकित है। शिक्षक उस माली के समान है, जो एक बगीचे को अलग रूप रंग के फूलो से सजाया है। शिक्षक छात्रों को कांटों पर भी मुस्कराकर चलने के लिए प्रेरित करता है। शिक्षक वास्तविक रूप से किसी भी राष्ट्र एवं समाज का दर्पण होता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. मिश्र ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर के




विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतमाता एवं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने समाज में शिक्षक के महत्व अपने विचार प्रस्तुत किये। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा किसी भी समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण होती है। जैसा कि चाणक्य ने स्पष्ट कहा है शिक्षक कभी साधारण नहीं होता, प्रलय और निर्माण उसकी गोद में पलते हैं। समाज में शिक्षक की महत्वता को रेखांकित करते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने लिखा है कि समाज में अध्यापक का स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। वह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को बौद्धिक परम्परा और तकनीकी कौशल पहुंचाने का केंद्र है और सभ्यता के प्रकाश को प्रज्वलित रखने में सहायता देता है। किसी भी राष्ट्र का आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक विकास उस देश की शिक्षा पर निर्भर करता है। इसलिए आज हमारे समक्ष कई प्रश्न हैं कि आखिरकार कैसी शिक्षा व्यवस्था होनी चाहिए जो हमारे समाज के अनुकूल हो और विविधता और असमानता वाले भारतीय समाज में शिक्षा व्यवस्था को कैसे समावेशी बनाया जाए, जिससे विद्यार्थियों का समग्र निर्माण हो सके।

डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा शिक्षक हमें विभिन्न विषयों के बारे में दिखाते हैं, हमारी जिज्ञासा शांत करते हैं और हमें नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित करते हैं। शिक्षक न केवल हमें ज्ञान देते हैं बल्कि हमारा चरित्र निर्माण भी करते हैं। वे हमें अच्छे मूल्यों और आदर्शों से परिचित कराते हैं, हमें सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं और हमारी कमजोरियों को दूर करने में मदद करते हैं। अंततः वे हमें सांसारिक तौर पर एक सफल व्यक्ति बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं।

# एच.ई.एस के धर्मनगरी को हरा भरा करने के अभियान में चिकित्सकों एवं बुद्धिजीवियों ने किया सहयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः धर्मनगरी कुरुक्षेत्र** को हरा भरा करने के अभियान में हरियाणा एनवायरमेंटल सोसायटी (एच.ई.एस.) की टीम निरंतर जुटी हुई है। इस कार्य में संस्था चिकित्सकों एवं बुद्धिजीवियों का भी सहयोग ले रही है। इसी क्रम में कुरुक्षेत्र के लोकनायक जय प्रकाश सरकारी हॉस्पिटल की पूर्व प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर एवं वर्तमान में इसी अस्पताल में कार्यरत डा. अनुपमा सिंह ने अपने साथियों के साथ संस्था एच.ई.एस. के तत्वाधान में अस्पताल के बाहर कैथल रोड के किनारे आयोजित कार्यक्रम में पौधारोपण किया। इस अवसर पर डा. नीलम अरोड़ा तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के तीन एमेरिटस प्रोफेसर डा. हरि




सिंह, डा. एस.पी. सिंह, एवं डा. एन.के. माटा सहित एच.ई.एस. के सदस्य मियां सिंह, श्रीनिवास धीमान, सतीश सैनी, प्रमोद शर्मा व अशोक कुमार इत्यादि मौजूद रहे। संस्था के अध्यक्ष ग्रीन मैन प्रो. एस.एल. सैनी ने बताया कि डा. अनुपमा सिंह गत 8 वर्षों से हर वर्ष शहर के सार्वजनिक स्थलों पर एच.ई.एस. के सहयोग से पौधे लगाकर उनका पोषण करने में सहयोग करती आ रही हैं। उनके अनुसार प्रो. हरि सिंह संस्था एच.ई.एस. के कुरुक्षेत्र चैप्टर के कोऑर्डिनेटर हैं उनके एवं डा. एस.पी. सिंह के सहयोग से ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के तीसरे गेट से लेकर पुराने रेलवे स्टेशन तक सड़क के दोनों और खाली जगह पर पौधारोपण का कार्य करीब करीब पूरा हो पाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की मोटरसाइकिलों सहित दो नाबालिग गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी आटो थेफ्ट टीम** द्वारा सैक्टर-4 और सैक्टर-16 करनाल में नाकाबंदी करके वाहन चोरी के दो आरोपियों को चोरी की मोटरसाइकिलों सहित हिरासत में लिया गया। जांच के दौरान सामने आया कि हिरासत में लिए गए दोनों आरोपी नाबालिग हैं।

एंटी आटो थेफ्ट टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक रोहताश सिंह ने बताया कि जिले में नाकाबंदी के दौरान दो नाबालिग आरोपियों को चोरी की मोटरसाईकिल सहित हिरासत में लिया गया। पुलिस पूछताछ पर आरोपियों ने दो अन्य मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों का भी खुलासा किया, जो उनकी टीम द्वारा आरोपीयों के बताए स्थान से बरामद की गई।

उन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा इनमें से दो मोटरसाईकिल थाना सिविल लाईन, एक थाना सैक्टर 32-33 और एक थाना शहर करनाल क्षेत्र से चोरी की गई थी। दोनों आरोपियों को किशोर न्यायबोर्ड के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें बाल सुधार गृह अंबाला भेज दिया गया। इनमें से एक आरोपी पहले भी चेन स्नेचिंग के मामले में बाल सुधार गृह में जा चुका है।

### ट्यूबवैल से मोटर चुराने वाला काबू, मोटर बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। थाना कुन्जपुरा पुलिस** ने खेत के ट्यूबवैल से मोटर चुराने वाले आरोपी जयबीर पुत्र राम किशन वासी शेरगढ़ टापू, करनाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चुराई गई ट्यूबवैल की मोटर बरामद की गई। इस संदर्भ में गांव घीड़ के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाना कुंजपुरा में शिकायत देते हुए बताया कि उसकी जमीन गांव शेरगढ़ टापू में पड़ती है, जहां से किसी ने रात के समय उसके टयूबवैल से मोटर व रस्सा चोरी कर लिया है। इस संदर्भ में थाना कुंजपुरा में मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि आरोपी द्वारा यह जमीन कुछ समय पहले शिकायतकर्ता को बेची गई थी और उसे बड़े अच्छे से पता था कि यहां पर किस स्थान पर क्या सामान है व कैसे इस सामान को वहां से उड़ाया जा सकता है। आरोपी द्वारा पैसे कमाने के लालच में मोटर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था।

### यमुनानगर में लाखों की हेरोइन समेत युवक गिरफ्तार

**यमुनानगरः** अपराध शाखा-1 की टीम ने होंडा सिटी कार में सवार नशे की तस्करी करते हुए एक युवक को 267 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। हेरोइन की बाजार में कीमत लगभग 13 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी के पास से 63 हजार रुपए भी बरामद हुए। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरुवार को यह जानकारी देते हुए अपराध शाखा-1 के इंचार्ज यादविंदर सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि छछरौली चौक से होता हुआ एक युवक कार में सवार होकर नशे की खेप लेकर आएगा। गुप्त सूचना के आधार पर टीम का गठन किया। टीम ने नाकाबंदी के दौरान होंडा सिटी कार सवार एक युवक को पकड़ा। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट बुलाया गया जब तलाशी ली गई, तो उसके पास से 267 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी पहचान छछरौली निवासी परवेज खान उर्फ पेजी के नाम से हुई। आरोपी पर पहले भी इसी प्रकार के नशा तस्करी के दो मामले दर्ज हैं, जो कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपी उत्तर प्रदेश से नशा लेकर आता था।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। विभागों में जो पद खाली पड़े हैं उन पदों पर पक्की भर्ती करेंगे।

### फतेहाबाद: सैंकड़ों नशीली गोलियों सहित पुलिस ने दो भाईयों को किया गिरफ्तार

फतेहाबाद: मेडिकल नशे की तस्करी करने वालों की धरपकड़ करते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने टोहाना क्षेत्र से दो युवकों को गिरफ्तार कर, उनके पास से सैंकड़ों नशीली गोलियां बरामद की है। दोनों युवकों के खिलाफ थाना सदर टोहाना में गुरुवार को केस दर्ज किया गया है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद की टीम एएसआई सूर्यकांत के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। पुलिस टीम जब गांव ठरवीं के बस अड्डे के पास पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि कुलविन्द्र व जनक सिंह पुत्र बीरबल निवासी फतेहपुरी दोनों भाई नशीली गोलियां बेचने का काम करते हैं।

# बरसात से खेतों में धान की फसल बिछी तो सब्जी को भी पहुंचा नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र तथा** आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को हुई बरसात को काफी किसान बेमौसमी बरसात बता रहे हैं। किसान बीते दिनों में बरसात की इंतजार कर रहे थे तो खुलकर बरसात नहीं हुई लेकिन बुधवार को अचानक बदले मौसम व हुई बरसात ने कुरुक्षेत्र के कुछ क्षेत्रों किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। किसानों की धान सहित सब्जियों की फसलों के नुकसान का भी अनुमान है। कुरुक्षेत्र के किसानों महेंद्र सिंह, नसीब, गुलशन व कमलप्रीत इत्यादि के अनुसार बुधवार को हुई बरसात व मौसम में आए बदलाव का प्रतिकूल प्रभाव सीधा पकी हुई धान की फसल पर पड़ा है। खेतों में पक कर तैयार धान तेज हवा के साथ हुई बरसात के कारण पूरी तरह से बिछ चुकी है। ऐसे में किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। कुछ किसानों की मंडी में जाने की तैयारी थी तो उनका धान भीग गया है। मंडी में आढ़तियों द्वारा किसानों को धान सुखाकर लाने को कहा जा रहा है। किसानों जयपाल, देवेंद्र व मदन लाल का कहना है कि इस बरसात से अब धान की फसल की कटाई भी प्रभावित होगी। वहीं सब्जी फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

# डॉ. अनीता शिक्षण उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार के लिए चयनित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्र गढ।हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी को उच्च शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षण के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार-2024 के लिए चुना गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डॉ. अनीता कुमारी को शिक्षण, शोध, परियोजना आधारित शिक्षा और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव; कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार; डीन रिसर्च प्रो.



पवन कुमार शर्मा; डीन, एसआईएएस डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता, विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने भी उन्हें पुरस्कार के लिए बधाई दी। डॉ. अनीता कुमारी को यह पुरस्कार शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल महामहिम श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े द्वारा राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रदान किया जाएगा। डॉ. अनीता कुमारी ने अनुसंधान एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रो. नीलम सांगवान, प्रा. सुरेंद्र सिंह; डॉ. अश्विनी कुमार को उनकी सक्रिय भागीदारी और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

डॉ. अनीता कुमारी ने बताया कि राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा यह पुरस्कार शिक्षा उत्कृष्टता एवं नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। इसमें पच्चीस हजार रुपये का नकद पुरस्कार, शॉल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह शामिल है। उन्होंने पीएचडी शोधार्थियों और प्रोजेक्ट एसोसिएट सरिता, दीपिका, देबोलीना चाखी और सुरभि पंवार का भी गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए धन्यवाद किया। डॉ. अनीता कुमारी ने ह्यहाइपोविटामिनोसिस डीह्य और ह्यमधुमेहह्य पर अपने शोध के विभिन्न फंडिंग एजेंसियों को भी धन्यवाद दिया।

# सैशन जज ने इंश्योरेंस कम्पनियों व बैंक मैनेजरों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर की अध्यक्षता में बुधवार को इंश्योरेंस कम्पनियों के मैनेजरों व बैंक मैनेजरों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित मैनेजरों को नैशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमों का निपटारा करने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल लोक अदालत का भी आयोजन किया गया, जिसमें 11 मुकदमे रखे गए, जिसमें से 9 मुकदमों मे 11 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। इस अवसर पर ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट उदय प्रताप भी उपस्थित थे। इरम हसन व उदय प्रताप ने जेल मे रह रहे बंदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया व रेडियो कार्यक्रम के जरिए जन साधारण को 14 सितंबर को आयोजित होने वाली नैशनल लोक अदालत के बारे में जागरूक किया। इरम हसन ने यह भी बताया कि जिला न्यायालय की सभी अदालतों में 14 सितंबर को नैशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिसमें न्यायालय मे लम्बित मुकदमों का निपटारा आपसी समझौते से किया जा सकता है। प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमों के लिए नैशनल लोक अदालत स्थाई लोक अदालत, करनाल में 13 सितंबर को लगाई जाएगी, जिसमें प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने जन साधारण से आग्रह किया कि वे लोक अदालत के माध्यम से अपने मुकदमों का निपटारा करके धन व समय की बचत करें और आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ावा दें।

# डोडा पोस्त के साथ दो महिलाओं समेत तीन को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबादः फतेहाबाद जिला** पुलिस ने गांव गोरखपुर के पास से कार सवार दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर इनके पास से भारी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद किया है। एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद प्रभारी ने वीरवार को बताया कि एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई कुलदीप सिंह के नेतृत्व में विधानसभा चुनावों को लेकर नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव काजलहेड़ी पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि रमेश पुत्र ज्ञानचंद निवासी अहरवां, निम्मो पत्नी गुरचरण निवासी कनाल व राजकौर पत्नी सुखविन्द्र निवासी मिरानां तीनों मिलकर डोडा पोस्त बेचने का काम करते हैं और पहले भी नशीले पदार्थों साथ पकड़े जा चुके हैं। आज भी तीनों एक कार में राजस्थान से काफी मात्रा में डोडा पोस्त लेकर आ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने गांव गोरखपुर में भूना रोड नहर पुल पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर में गोरखपुर की तरफ से एक कार आती दिखाई दी। पुलिस नाकाबंदी देखकर कार चालक घबरा गया और कार को वापस मोडने की कोशिश करने लगा लेकिन पुलिस कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए गाड़ी को रूकवा लिया और उसमें सवार दोनों महिलाओं व चालक को काबू कर लिया।

# नापा घर वापसी करें, उन्हें पूरा सम्मान मिलेगा: सुनीता दुग्गल

**फतेहाबादः** रतिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार सुनीता दुग्गल ने रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा से पार्टी में लौटकर आने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें मतभेद भुलाकर घर वापसी करनी चाहिए। पार्टी में उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। वे 9 सितंबर को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुनीता दुग्गल ने कहा कि मौकापरस्त राजनीति करने वालों को जनता भली-भांति जानती है। पार्टी छोड़ने वाले रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा को पार्टी ने पहले भी पूरा सम्मान दिया है।

# नामांकन को लेकर जिला प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि 5 सितंबर को विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। इसे लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। करनाल, घरौंडा, असंध, इंद्री और नीलोखेड़ी विधानसभा का नामांकन उन्हीं के क्षेत्र में भरा जाएगा। सभी रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने नामांकन को लेकर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार इंतजाम कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी।

# लूट की राजनीति करने में माहिर है कांग्रेस और आप: मोहन लाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः भारतीय जनता** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा को लूट का अड्डा बनाया है और हमेशा लोकतंत्र को कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश और प्रर्देश में भय, भूख और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम किया है। प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली बुधवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। गठबंधन के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को घेरा। उन्होंने कहा कि लूट की राजनीति करने में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी माहिर है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र की दुश्मन पार्टी रही है। कांग्रेस पार्टी

**हमला बोला**

**कांग्रेस ने हरियाणा को लूट का अड्डा बनाया है और हमेशा लोकतंत्र को कमजोर किया है: मोहन**

ने ही देश में लोकतंत्र को खत्म करके एमरजेंसी तक लगाने का काम किया है, इसलिए कांग्रेस लोकतंत्र की विरोधी पार्टी है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के गठबंधन के सवाल पर पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पहले भी इनके समझौते हुए हैं। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की शासन प्रक्रिया एक जैसी रही है। लूट की राजनीति कांग्रेस ने भी की है और आम आदमी पार्टी ने भी की है। हालांकि लोकतंत्र की परम्परा में गठबंधन करना सभी पार्टियों का अपना अधिकार है। उम्मीदवारों के नामों की लिस्ट के बारे में पूछे गए सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि पांच सितंबर को नामांकन शुरू होने हैं, इसलिए राष्ट्रीय नेतृत्व सही समय पर सही फैसला लेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व उम्मीदवारों की छवि, पार्टी को जीत दिलाने और सभी वर्गों का सम्मान देने वाले व्यक्ति को ध्यान में रखकर ही फैसला लेता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के चुनाव लड़ने के सवाल पर पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए सभी 90 की 90 विधानसभाएं सेफ हैं और जिताउ हैं और राष्ट्रीय नेतृत्व का जहां से भी चुनाव लड़ने का निर्देश होगा नायब सिंह सैनी वहीं से चुनाव लड़ेंगे।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

पत्र सं. GSU_DLI_SNT_04 dated 04.09.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर. संचार अभि./गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | N.I.T. No. | GSU_DLI_SNT_06 dated 04.09.2024 |
| 2 | कार्य का नाम | एस एंड टी उपयोगिता स्थानांतरण कार्य: बल्लीमारान दिल्ली में नई दिल्ली यार्ड पार करने के लिए कुतुब रोड और श्रद्धानंद मार्ग के बीच रेलवे लाइन के आर-पार सार्वजनिक उपरि पुलों का निर्माण |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 7377500.54/- |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 147600.00/- |
| 5 | समापन अवधि | 06 महीने |
| 6 | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 26.09.2024 को 11:30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 26.09.2024 को 11:30 बजे |
| 7 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

2763/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पुलिस ने लोगों को साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्र गढ।पुलिस ने** महेंद्रगढ़, कनीना में सार्वजनिक स्थानों पर साइबर अपराध के संबंध में छात्रझ्छात्राओं, आमजन को जागरूक किया गया। साइबर अपराधों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा प्रत्येक महीने के पहले बुधवार को साइबर जागरूकता दिवस मनाया जाता है। जिसके तहत पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर आमजन और विद्यार्थियों को जागरूक किया जाता है। जिला महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा आज साइबर जागरूकता दिवस पर महेंद्रगढ़, कनीना में सार्वजनिक



स्थानों पर विद्यार्थियों, आमजन को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विस्तृत रूप से समझाया और साइबर अपराध से बचने के उपाय भी बताए। इस दौरान बताया कि साइबर अपराध हो जाने पर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। डिजिटल युग में कई बार लोग अनजाने में साइबर क्राइम का शिकार हो जाते हैं, यदि हम इसके प्रति जागरूक होंगे तो निश्चित ही इससे बचा जा सकता है। बताया गया कि किसी भी लिंक पर क्लिक न करें, अनजान नंबरों से आई काल, ओटीपी वेरीफिकेशन को स्वीकार न करें, अपना डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, सीवीवी, एटीएम पिन, नेट बैंकिंग का पासवर्ड शेयर न करें। इंटरनेट बैंकिंग का पासवर्ड मजबूत व सिक्योर बनाने, इंटरनेट मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरतने, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट न करने बारे सुझाव दिए गए। साइबर अपराधों से संबंधित किसी भी क्राइम पर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 नंबर पर शिकायत देते ही साइबर टीम तुरंत बैंक और भुगतान इंटरफेस से संपर्क कर जिस भी खाते में अपराधी ने पैसे ट्रांसफर हैं, उन्हें तुरंत फ्रीज करवा दिया जाता है। इसके बाद मूल खाते में रुपये वापस करवा दिए जाते हैं। थाना शहर कनीना से एएसआई सतीश व उनकी टीम द्वारा बस स्टैंड कनीना पर साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम के तहत साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया। थाना सदर कनीना से एसआई जयभगवान व उनकी टीम ने सार्वजनिक स्थान पर आमजन को साइबर अपराधों के बारे में अवेयर किया और बताया कि साइबर अपराध होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। थाना सदर महेंद्रगढ़ से एसआई हरिप्रकाश व उनकी टीम ने सार्वजनिक स्थान पर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में आमजन को जागरूक किया व साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया।

# प्रतियोगिताओं से बच्चों में शिक्षा के साथ प्रतिभा में भी आता है निखार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः बच्चों को** किताबी शिक्षा के साथ वास्तविक ज्ञान भी होना चाहिए। वास्तविक ज्ञान बच्चों को प्रतियोगिताओं एवं प्रयोगिक क्रियाओं से मिलता है। इस बात को श्रीमद्भगवद गीता प्राथमिक विद्यालय बालघर के बच्चों ने संकुल स्तरीय गणित विज्ञान मेले में भाग लेते हुए प्रमाणित भी किया है। ऐसी ही प्रतियोगिताओं से बच्चों में शिक्षा के साथ प्रतिभा में भी निखार आता है। बाल घर के बच्चों ने मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्यालय में आयोजित संकुल स्तरीय गणित विज्ञान मेले में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन दिया।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मं.वि. इंजी./ई.एम.यू./गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | GEM/2024/B/5312501 Dated 04.09.2024 | | |
| कार्य का नाम एवं स्थान | 03 वर्ष या उससे अधिक की अवधि के लिए रेलवे सामग्री की डिलीवरी/संग्रह के लिए 09MT और 16MT ट्रेलर क्षमता वाले ट्रक को किराए पर लेना | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹1,04,20,050/- inclusive of GST | | |
| निविदा दस्तावेज की कीमत | Nil | | |
| धरोहर राशि | ₹2,02,100/- (Payment mode available on Gem website) | | |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 3 years of later | ऑफर की अवधि | 60 days |
| निविदा विज्ञापन की तिथि (only on GeM website) | 04.09.2024 | | |
| निविदा जमा करने की तिथि (only on GeM website) | 04.09.2024 to 27.09.2024 (16:00 hrs.) | | |
| निविदा समापन की तिथि एवं समय | 27.09.2024 (16:00 hrs.) | | |
| निविदा खुलने की तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए) | 27.09.2024 (16:30 hrs.) | | |

Note: 1. All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the Technical & Commercial offer. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void" 2. Duplicate document should not be enclosed/uploaded.

निविदा सूचना वेबसाइट www.gem.gov.in पर उपलब्ध है।

सं.: GEM/2024/B/5312501 दिनांक: 04.09.2024 2765/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# वैश्विक बाजार का महासागर

**इंटरनेट शॉपिंग** अभी भारत तथा विश्व के हर देश में जबरदस्त तरीके से चलन में है। भारत ई शॉपिंग के लिए एक वृहद बाजार है`इंटरनेट शॉपिंग ने खरीदारी की दुनिया ही बदल कर रख दी है। इंटरनेट न सिर्फ अलग-अलग उत्पाद के बारे में उपभोक्ताओं को नवीन जानकारी उपलब्ध कराई है ,बल्कि उपभोक्ताओं को सस्ती दरों में सामान भी पहुंचाना शुरू कर दिया है इंटरनेट घर के भीतर ही कंप्यूटर और मोबाइल पर ऐसे ऐसे उत्पाद की जानकारी हर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराता है जिसके बारे में उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी मुलत शॉपिंग की शुरूआत 21वीं सदी के शुरू में हुई थी. कुछ वर्षों में यह इस कदर छा गई की कुछ लोग बाजार जाना ही बंद कर चुके है। ई शॉपिंग के द्वारा जनता अपनी मनपसंद वस्तु घर में बैठे-बैठे प्राप्त कर सकती है इस तरह बाजार की भीड़ की परेशानियों प्रदूषण से बचने एवं अनावश्यक पेट्रोल की फिजूलखर्ची से भी बचा जा सकता है कुछेक अपवाद को छोड़कर ई शॉपिंग काफी इकोनामिक एवं भरोसेमंद है बाजार जाने की बड़ी परेशानियों से बच कर कंप्यूटर मोबाइल के द्वारा एक बटन दबाकर अपनी पसंदीदा वस्तु अपने घर में ही प्राप्त कर लेते है ,इसके लिए आपके पास बैंक में पैसे एटीएम कार्ड होना चाहिए फिर देखिए दुनिया का बाजार आपकी मुट्ठी में होगो टाटा संस के चेयरमैन रतन जी टाटा कहते हैं कि भारत में लोग बहुत बड़ी संख्या में समय अभाव के कारण बाजार जाकर खरीदारी नहीं कर पाते हैं पर हिंदुस्तान ने की शॉपिंग का चलन इतना बढ़ गया है कि500 से से 600 सौ मिलियन लोग इस माध्यम से धड़ल्ले से ई शॉपिंग कर रहे हैं. इस सुविधा युक्त शॉपिंग का भारत में बहुत तेजी से बढ़ रहा है। ऑनलाइन शॉपिंग की स्थिति यह है कि 2017 के अंत में 100 मिलियन लोग ई शॉपिंग कर रहे थे, जून 2020 में दिल्ली ,मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बंगलुरु, चंडीगढ़ के साथ बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा केरल और पंजाब के लोग हर साल दुगनी रफ़्तार से ई-कॉमर्स के जरिए शॉपिंग करने में जुट गए हैं। इंटरनेट के द्वारा शॉपिंग करने में 25 से 30 वर्ष के युवा बहुत ज्यादा रूचि दिखा रहे हैं युवा वर्ग खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम खरीदने में अपना इंटरेस्ट दिखा रहे हैं. वहीं महिलाएं ग्रॉसरी इलेक्ट्रॉनिक आइटम कॉस्मेटिक और कपड़ा रेडीमेड खरीदने में रफ्तार से आगे बढ़ रही हैं वस्तुतः ई शॉपिंग करने के पीछे कई कारण है जैसे समय की बचत एवं भीड़भाड़ तथा पेट्रोल टैक्सी रिक्शा के अनावश्यक खर्च से बचत होने से भी इसे काफी बढ़ावा मिल रहा है.इसके अलावा सस्ती खरीदारी एक बड़ा कारण है आपको ई-कॉमर्स की खरीदी में वैश्विक बाजार ऑनलाइन उपलब्ध रहता है`नए-नए उत्पादकों के अनुसंधान एवं उत्पादन बड़ा है, वह एक साथ दुनिया के किसी कोने में भी तत्काल 2 या 3 दिन में उपलब्ध कराया जाता है। यह एक अंतरराष्ट्रीय सुविधा उपभोक्ताओं को बड़ी आसानी से मिल जाती है। ई-कॉमर्स में आए खराब सामान को आप तत्काल बदलने की सुविधा भी प्राप्त कर लेते हैं खरीदारी चुकी ऑनलाइन एक नंबर में होती है अतः इसमें धोखाधड़ी की संभावना भी कम पर बनी हुई है। पर धोखाधड़ी तथा चीटिंग की संभावना इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि जो प्रोडक्ट बुलाया जाता है कई बार उससे निम्नतम क्वालिटी की सामग्री जानबूझकर भेज दी जाती है, पर इसकी कानूनी प्रक्रिया भी है जिससे उपभोक्ता को काफी राहत मिल जाती है इसके अलावा आप अपनी पुरानी वस्तुओं को भी भेजने की सुविधा शॉपिंग में प्राप्त कर सकते हैं।

# कड़े कानूनों के बावजूद क्यों नहीं थम रहे बलात्कार

**रोहित माहेश्वरी**

> समाज में बदलाव लाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपकरण शिक्षा है। स्कूलों और कॉलेज में बच्चों और युवाओं को समानता, मानवाधिकार, पर्यावरण संरक्षण, और सामाजिक न्याय के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए। शिक्षा केवल अकादमिक नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसमें नैतिक और सामाजिक मूल्यों का समावेश होना चाहिए। बच्चों को शुरू से ही ईमानदारी, समानता, और सहिष्णुता के मूल्यों की शिक्षा दी जानी चाहिए। फिल्मों, टीवी शो, और सोशल मीडिया पर सकारात्मक और सशक्त कंटेंट का प्रसार होना चाहिए। ये माध्यम समाज में मौजूद रूढ़ियों को चुनौती देने और जागरूकता फैलाने का एक शक्तिशाली साधन हो सकते हैं। मीडिया और इंटरनेट मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और नकारात्मक कंटेंट का सामना करना जरूरी है

**कोलकाता** में डॉक्टर रेप एवं हत्या मामले के बाद कानूनों में सुधार के बावजूद रेप की बढ़ती घटनाओं ने सरकार और पुलिस को कटघरे में खड़ा कर दिया है। कोलकाता आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर बिटिया के रेप-मर्डर के बाद जो तनाव, गुस्सा, आक्रोश और विरोध-प्रदर्शन बंगाल के कई हिस्सों में देखे गए हैं, उन्हें शांत करने के लिए पश्चिम बंगाल विधानसभा में अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (आपराधिक कानून एवं संशोधन) सर्वसम्मति से पारित किया गया है। असल में यह बिल एक राजनीतिक प्रयास है, अपनी गिरती साख को बचाने और विरोध के स्वर धीमे करने का। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आशंका है कि इतने व्यापक विरोध से उनका परंपरागत जनाधार बिखर सकता है, लिहाजा बलात्कार, हत्या, यौन उत्पीड़न की कड़ी सजाओं के मद्देनजर उन्हें यह बिल पारित कराना पड़ा। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने भी बिल का समर्थन किया, क्योंकि यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। अलबत्ता यह दिखावे का बिल साबित होगा और राष्ट्रपति भवन में लटक कर रह सकता है। दरअसल कोई भी राज्य केंद्रीय कानूनों के समानांतर कानून नहीं बना सकता। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के मुताबिक साल 2019 में भारत में करीब 32 हजार रेप के मामले दर्ज हुए. यानी हर घंटे में औसतन चार मामले जबकि भारत में रेप से जुड़े कानून बहुत कड़े हैं, जिनमें मौत की सजा तक का प्रावधान है. पश्चिम बंगाल विधानसभा में जो बिल पारित किया गया है, उसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पोक्सो) में संशोधन की बात कही गई है। ये कानून संसद द्वारा पारित किए गए हैं। केंद्रीय कानूनों की धाराओं के तहत बलात्कार, सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के लिए 20 साल की सजा, उम्रकैद और फांसी की सजा का प्रावधान है, जबकि अपराजिता बिल में सिर्फ फांसी के प्रावधान का ही प्रस्ताव है। बीएनएस के तहत बाल अपराधियों के लिए रियायतों का प्रावधान है, लेकिन अपराजिता में उन्हें खत्म करने का प्रस्ताव है। गौरतलब है कि जांच, न्याय और सजा के लिए जो अवधि तय की गई है, वह अव्यावहारिक है, क्योंकि भारत में न्याय की परतें कई हैं। यदि फास्ट ट्रैक कोर्ट आरोपित को फांसी की सजा सुना भी देती है, तो उस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है।



उच्च न्यायालय के बाद सर्वोच्च अदालत है। अंततः राष्ट्रपति को दया-याचिका दी जा सकती है। मात्र 10 दिन में इन सभी आयामों से न्याय पाना असंभव है, लिहाजा 10 दिन में फांसी की सजा महज नारेबाजी है। जनता को भ्रमित करने की राजनीति है, ताकि कोलकाता की सडकें तमाम तरह की सियासत से मुक्त हो सकें। 2012 के निर्भया कांड का अंतिम फैसला 8 लंबे सालों के बाद मिला था। नतीजतन उसके बाद ही बलात्कारियों को फांसी पर लटकाया जा सका। उसके बाद किसी भी बलात्कारी को मृत्युदंड नहीं दिया जा सका। यह हमारे कानून के छिद्र हैं, हालांकि निर्भया कांड के बाद जस्टिस जेएस वर्मा आयोग बनाया गया था। इस आयोग ने व्यापक विमर्श के बाद, बहुत ही कम समय में, अपनी रपट दी थी। उसके आधार पर केंद्र ने जो कानून बनाया, उसमें भी दोषी को अधिकतम सजा के तौर पर मृत्युदंड का प्रावधान था। हमारे देश और समाज में बलात्कार के औसतन 86 केस हर रोज दर्ज कराए जाते हैं, कितनों को फांसी की सजा दी जाती है? बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस विपक्षी खेमे की एक महत्वपूर्ण पार्टी है। इससे पहले आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र ने भी मौत की सजा को अनिवार्य करने वाले बिल पारित किए थे, लेकिन केंद्र से मंजूरी नहीं दी गई। यही नियति अब बंगाल की हो सकती है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका समझनी होगी और महिलाओं के प्रति सम्मान और समानता का दृष्टिकोण अपनाना होगा। तभी हम एक ऐसा समाज बना सकते हैं, जहां महिलाएं वास्तव में सुरक्षित महसूस कर सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें। महिला सुरक्षा के इस संघर्ष में समाज, सरकार, और कानून सभी का समान रूप से योगदान आवश्यक है।

जब तक हम सभी मिलकर इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाते, तब तक महिला सुरक्षा का सपना अधूरा ही रहेगा। समाज को बदलना एक जटिल और लंबी प्रक्रिया है, जिसमें कई कारकों का योगदान होता है। हालांकि, यह एक आवश्यक कदम है ताकि समाज अधिक न्यायपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील बन सके। समाज में बदलाव लाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपकरण शिक्षा है। स्कूलों और कॉलेज में बच्चों और युवाओं को समानता, मानवाधिकार, पर्यावरण संरक्षण, और सामाजिक न्याय के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए। शिक्षा केवल अकादमिक नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसमें नैतिक और सामाजिक मूल्यों का समावेश होना चाहिए। बच्चों को शुरू से ही ईमानदारी, समानता, और सहिष्णुता के मूल्यों की शिक्षा दी जानी चाहिए।

मीडिया और मनोरंजन समाज पर गहरा प्रभाव डालते हैं। फिल्मों, टीवी शो, और सोशल मीडिया पर सकारात्मक और सशक्त कंटेंट का प्रसार होना चाहिए। ये माध्यम समाज में मौजूद रूढ़ियों को चुनौती देने और जागरूकता फैलाने का एक शक्तिशाली साधन हो सकते हैं। मीडिया और इंटरनेट मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और नकारात्मक कंटेंट का सामना करना जरूरी है। इसके लिए डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना और लोगों को सचेत करना आवश्यक है। सरकार को समाज की बदलती जरूरतों के हिसाब से प्रगतिशील नीतियां बनानी चाहिए। इनमें समानता, रोजगार, शिक्षा, और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाने वाली नीतियां शामिल होनी चाहिए। सामाजिक बदलाव के लिए प्रभावी कानूनों की आवश्यकता होती है। केवल कानून बनाना ही नहीं, बल्कि उनका सही तरीके से कार्यान्वयन भी सुनिश्चित करना आवश्यक है। इससे समाज में अनुशासन और नैतिकता को बढ़ावा मिलता है। पितृसत्तात्मक सोच,और लैंगिक भेदभाव जैसी रूढ़िवादी धारणाओं को बदलना जरूरी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि ममता बनर्जी ने बिल की आड़ में भी खुन्नस भरी राजनीति की है। उन्होंने सदन में ही प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और उन मुख्यमंत्रियों के भी इस्तीफे मांग लिए, जिनके राज्यों में बलात्कार की संख्या लगभग निरंतर है। चूंकि प्रधानमंत्री पूरे देश के संवैधानिक प्रभारी हैं, लिहाजा वह इस्तीफा दें, क्योंकि वह महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रहे हैं। ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करना या इसे राजनीतिक अस्त्र के तौर पर प्रयोग करना निंदनीय है। समाज ही परिवर्तन का मुख्य स्रोत होता है। बिना किसी राजनीति, भेदभाव और जाति पाति के इस घिनौने कृत्य की रोकथाम के लिए समाज को एकजुट होकर सोचना होगा। तभी इस बुराई पर प्रभावी रोक लग पाएगी। जानकार कहते हैं कि निर्भया कांड के बाद से रेप के मामलों में शिकायत दर्ज कराने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है, हालांकि अब भी रेप के मामलों के वास्तविक आंकड़े, शिकायत में दर्ज मामलों से बहुत ज्यादा हैं। डर और शर्म के चलते अब भी कई महिलाएं इन अपराधों की शिकायत नहीं करतीं और कई मामलों में तो पुलिस की ओर से ही रिपोर्ट नहीं लिखी जाती। कानून का सख्ती से पालन और त्वरित न्याय महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है।

अपराधियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया जाना चाहिए ताकि महिलाएं बिना किसी डर के अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें। कानून बनाने और उन्हें लागू करने के बीच के अंतर को खत्म करने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे।

महिला सुरक्षा एक जटिल और बहुआयामी मुद्दा है, जिसे केवल कानून, शिक्षा या समाज के किसी एक हिस्से के प्रयास से हल नहीं किया जा सकता। इसके लिए एक समग्र और सामूहिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# न्यायपालिका को पीड़ित के पक्ष में खड़ा होते दिखना चाहिए

**संजय सक्सेना**

**यह बात स**मझ से परे है कि जो लोग जघन्य अपराध करते हैं ? छोटी-छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म करते हैं उनके ऊपर कार्रवाई करते समय सरकार पूरी तरह से कानून का पालन करे। तर्क दिया जाता है कि अपराध कोई एक व्यक्ति करता है तो उसके पूरे परिवार को इसका खामियाजा क्यों भुगतना पड़े। ऐसे तर्क देने वालों को समझना चाहिए कि जब किसी एक बच्ची के साथ दुष्कर्म या परिवार के किसी सदस्य के साथ कोई आपराधिक वारदात होती है तो उसका खामियाजा जब पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है तो फिर अपराधी को इस आधार पर कैसे छूट दी जा सकती है कि उसके किये अपराध की सजा पूरे परिवार को नहीं मिलनी चाहिए। बात सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले की हो रही है जिसमें उसने राज्य सरकारों द्वारा की जा रही बुलडोजर की कार्रवाई पर प्रश्न चिन्ह उठाया था। सुप्रीम कोर्ट का अपना पक्ष हो सकता है लेकिन सभी आपराधिक मामलों के समय यह कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। अपराध करने वाला अगर ताकतवर हो तो वह कानून को अपने हिसाब से खरीद लेता है। अपना सही-गलत बचाव करने के लिए वकीलों की पूरी फौज कोर्ट में उतार देता है। क्या यह सही नहीं है कि आज भी जेलों में छोटे मोटे अपराध करने वालों को इसलिये जमानत नहीं मिल पा रही है क्योंकि वह आर्थिक रूप से सबल नहीं हैं। उनका दर्द कोर्ट की चौखट तक पहुंच ही नहीं पाता है। सुप्रीम कोर्ट इस बात की व्याख्या कभी क्यों नहीं करता है कि एक मुकदमे में वादी-प्रतिवादी की तरफ से कितने अधिवक्ता बहस कर सकते हैं। यह सच नहीं है कि सरकार हर एक अपराधिक मामले में बुलडोजर लेकर खड़ी हो जाती है,लेकिन माहौल ऐसा बना दिया जाता है जैसे सरकार बहुत बड़ी कसूरवार हो। खासकर योगी सरकार पर तो यह भी आरोप लगते हैं कि वह मुस्लिमों के खिलाफ ज्यादा बुलडोजर कार्रवाई करते हैं। ऐसी बातें करने वाली कानून की आड़ में अपने अपराध पर पर्दा डालने का काम करते हैं। बता दें कई राज्यों में प्रशासन द्वारा आरोपियों के घर पर बुल्डोजर चलाए जाने पर 02 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया था। कोर्ट का सवाल था कि कानून में तय प्रक्रिया का पालन किये बगैर किसी का घर कैसे ढहाया जा सकता है। सिर्फ किसी के अभियुक्त होने पर उसका घर कैसे ढहाया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने बगैर नोटिस के आरोपियों के घर ढहाने की शिकायत पर कहा कि अगर वह दोषी भी है तो भी कानून में तय प्रक्रिया के बगैर उसका घर नहीं ढहाया जा सकता।सुप्रीम कोर्ट का यह कथन समानांतर सरकरार चलाने जैसा नजर आता है। खैर,सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का संकेत देते हुए सभी पक्षकारों से सुझाव मांगे हैं।यह कहते समय सुप्रीम कोर्ट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस बयान पर भी गौर फरमा लेता तो ज्यादा अच्छा होता जिमसें पीएम ने सुप्रीम कोर्ट के एक कार्यक्रम में उससे महिलाओं से जुड़े मामले जल्द से जल्द निपटाने की उम्मीद जताई थी।

## विचार

# शिक्षक-शिक्षार्थियों के अंतसंर्बंध को मजबूती प्रदान करने का अवसर

**डा. मनमोहन प्रकाश**

**भारत में** शिक्षक दिवस 5 सितंबर को देश के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के सम्मान में मनाया जाता है। यह दिन शिक्षकों के समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान को मान्यता देने और शिक्षा के महत्व को स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। शिक्षको का समाज में मान-सम्मान इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि वे ज्ञान-विज्ञान, संस्कार-संस्कृति के संवाहक हैं और नई पीढ़ी को कौशलयुक्त , व्यवहारिक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा से शिक्षित करने के साथ ही नैतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान देने और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक दिवस न केवल उनके सम्मान में एक दिन है, बल्कि यह शिक्षार्थी और समाज को याद दिलाने का एक माध्यम भी है कि शिक्षक समाज में इतने महत्वपूर्ण क्यों हैं। इतना ही नहीं यह दिन विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने और उनकी मेहनत और समर्पण को मान्यता देने का अवसर भी प्रदान करता है। शिक्षक दिवस राज्य सरकारों को भी याद दिलाता है कि वे समाज के इतने महत्वपूर्ण वर्ग की दशा और दिशा का परीक्षण कर उनकी समस्याओं के विवेकपूर्ण निराकरण की दिशा में आगे बढ़कर राष्ट्र और राज्य को सशक्त बनाएँ। आज के संदर्भ में हमारे देश में शिक्षकों को गुरु जी, अतिथि शिक्षक, संविदा शिक्षक, आमंत्रित शिक्षक, तदर्थ शिक्षक,शिक्षक वर्ग 1,2,3 बना कर रख दिया है। क्या ये उचित हैं, इस पर भी विचार होना चाहिए? सरकारी शिक्षकों को शिक्षा देने के अतिरिक्त भी कई कार्य करने पड़ते हैं कभी वह सरकारी योजनाओं के लिए सर्वे करता है, कभी मतदाता सूची बनाने में मदद करता है, तो कभी चुनाव कराता है, और न जाने कितने शिक्षणेत्तर कार्य करना उसकी मजबूरी है। हमारे देश में निजी शिक्षण संस्थानों की संख्या बहुत अधिक है और इन संस्थाओं में शिक्षक कम वेतन में भी अपना कर्तव्य निभाते हैं।शिक्षक ग्रामीण और दूरस्थ दुर्गम क्षेत्रों में भी शिक्षा का प्रसार करते हैं। कई बार शिक्षक को संसाधनों की कमी में भी काम करना होता है।इन सब स्थितियों पर व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। वास्तव में समाज के महत्वपूर्ण अंग के रूप में हमें शिक्षकों के योगदान को पहचानना चाहिए और उन्हें वह सम्मान देना चाहिए जिसके वे हकदार हैं। ऐसा करके शिक्षकों को अच्छे शिक्षकीय कार्य एवं दायित्व के लिए प्रोत्साहित कर उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया जा सकता है। भारत में बदलते सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी परिदृश्य के साथ, शिक्षकों से भी समाज और प्रशासन की अपेक्षाएं बढ़ी है। शिक्षक न केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा प्रदान करें, अपितु शिक्षार्थियों को एक बेहतर नागरिक बनने के साथ राष्ट्र निर्माण एवं विकास के लिए भी प्रेरित करें। शिक्षकों के शिक्षकीय दायित्व के रूप में उससे अपेक्षा है कि वे विधार्थियों में (1) गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रसार करें (2) भविष्य की चुनौतियों का सामना करने योग्य बनाएं।(3) नैतिकता, ईमानदारी, और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में शिक्षित करें।(4) देश की विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का सम्मान करना सिखाएं। (5) बुनियादी तकनीकी और डिजिटल कौशल से निपुणता प्रदान करें।(6) शोध और नवाचार के लिए प्रोत्साहन करें।(7) समस्या पैदा करने के स्थान पर समस्या-समाधान करने वाला बनाएं।(8) नवाचार और रचनात्मकता के लिए प्रेरित करें (9) समावेशिता और संवेदनशीलता का पाठ पढ़ाएं (10) समानता का पाठ पढ़ाएं। (11) शिक्षको को पाठ्यक्रम अधारित शिक्षा के साथ समुदाय के विकास में भी योगदान देना चाहिए, जिससे विद्यार्थी समाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।(12) शिक्षकों को माता-पिता/अभिभावकों के साथ भी नियमित संवाद बनाए रखना जरूरी है ताकि विधार्थियों की प्रगति और समस्याओं पर खुल कर चर्चा हो सके। आज शिक्षक और शिक्षार्थियों के संबंध का धागा कमजोर हुआ है।

इस कमजोर संबंध का असर जहां एक ओर समाज में शिक्षकों की इमेज पर पड़ा है वहीं शिक्षार्थियों को अपने पथ से भटकते भी देखा है। अतः दोनों को इस पर गंभीरता से राष्ट्र हित मे विचार करना चाहिए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मजाक , मजाक में मजाक

**राकेश अचल**

**अदावत** की राजनीति के दौर में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव का मजाक ताजा हवा की तरह है। राजनीती में मसखरापन न हो तो राजनीति नीरस हो जाती है। हाल की राजनीती में जब से लालू यादव निष्क्रिय हुए हैं तब से कोई ऐसा जुमला सुनने को नहीं मिलता की पेट हंसी के मारे फूलने लगे। अखिलेश यादव ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मजाक में कहा है कि यदि आपको बुलडोजर से इतना ही प्यार है तो आप इसे चुनाव चिन्ह बनाकर चुनाव क्यों नहीं लड़ जाते ?

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपा की सरकार बनने पर बुलडोजर का रुख गोरखपुर की तरफ मोड़ने का बयान देने वाले सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर बुधवार को तंज कसा और कहा कि बुलडोजर चलाने के लिए ह्यदिल और दिमागह्ण की जरूरत होती है। अब अखिलेश यादव ने इस पर पलटवार किया है । अखिलेश ने कहा कि बुलडोजर में दिमाग नहीं बल्कि स्टीयरिंग होता है. उत्तर प्रदेश की जनता कब किसका स्टीयरिंग बदल दे, कुछ पता नहीं। अखिलेश ने अपने एक ट्वीट में कहा, ह्यअगर आप और आपका बुलडोजर इतना ही सफल है तो अलग पार्टी बनाकर ह्यबुलडोजरह्ण चुनाव चिह्न लेकर चुनाव लड़ जाइए। आपका भ्रम भी टूट जाएगा और घमंड भी। वैसे भी आपके जो हालात हैं, उसमें आप भाजपा में होते हुए भी ह्यनहींह्ण के बराबर ही ह। अलग पार्टी तो आपको आज नहीं तो कल बनानी ही पड़ेगी। अखिलेश और योगी के बीच इस तरह की चोंचें अक्सर लड़ती रहतीं हैं। अखिलेश को मजाक करना विरासत में मिला है। उनके पिता नेताजी मलायम सिंह अक्सर मजाक-मजाक में कुछ ऐसी बातें कह जाते थे,। हंसी का फब्बारा छुड़वा देती थीं। पिछले से पिछले दशक में राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव तो अपने मजाकिया अंदाज के लिए मशहूर थे है । उनके मजाक से शायद ही कोई बचा हो। श्रीमती सोनिया गाँधी हों या अटल बिहारी बाजपेयी सभी लालू जी की मजाकिया प्रवृत्ति के कायल रहे हैं। मजाक से राजनीति में जबरन का भारीपन कम हो जाता है और एक स्वस्थ्य वातावरण बनता है।

# अपने शहर हैदराबाद की बात ही निराली

**अरे भाई**, अपने शहर हैदराबाद की बात ही निराली है। यहाँ की गली-गली में जो बयार बहती है, वो क्या कहें! अब देखिए, दिल्ली में कभी कोई तैमूर, तो कभी चंगेज खाँ आए, वहाँ से लेकर यहां तक बड़े-बड़े लोग आए, लूट कर चले गए। सोने-चाँदी, हीरे-जवाहरात सब उठा ले गए, लेकिन हमारे हैदराबाद का वो सिंहासन, मतलब यहाँ के कल्चर का कोई जवाब नहीं मिला उनको। वो सिंहासन जो कि रिवायत और इज्जत का हिस्सा था, वो यहाँ की हवा में ही रचा-बसा है। अब बात करें सिंहासन की, तो आजकल वो कुर्सी बन गया है। पहले राजा-महाराजा सिंहासन पर बैठते थे, और शेर की तरह दहाड़ते थे, अब ये कुर्सी वाले भी कम नहीं हैं। कुर्सी पर बैठते ही बंदा खुद को असली शेर समझने लगता है। कुर्सी का अंग्रेजी नाम चेयर है, जो अंग्रेजों की देन है। वैसे, उन्होंने हमें रंगरेज बना दिया, हर चीज में अपने रंग भर दिए। अब ये चेयर असल में चीयर से निकला है, जो उनके दोस्त-चमचों ने कुर्सी पर बैठने वाले पहले हिन्दुस्तानी को चियर-चियर करके इतना चीयर किया कि वो चेयर हो गया। अब भाई, हम भी एक रिसर्च करने लगे थे, टॉपिक था सिंहासन से कुर्सी तक झ एक नजर। इसके लिए हमने किसी प्रोफेसर को गाइड नहीं बनाया, सीधे हमारे शहर के एक मंत्री साहब को गाइड बना लिया। उनकी एक खासियत थी झ जब तक मंत्री रहे, उनका मुँह हमेशा टेढ़ा रहता था। सीधे मुँह बात कभी की ही नहीं। मुँह से सीधे शब्द भी निकलते थे, तो टेढ़े हो जाते थे। जैसे ही कुर्सी छूट गई, मुँह एकदम सीधा हो गया। फिर सोचा कि भाई, गलती मंत्री जी की नहीं, बल्कि कुर्सी की है। एक दिन हम मेगनीफाइंग ग्लास लेकर मंत्री जी की कुर्सी का मुआयना करने लगे। वहाँ हमें छोटे-छोटे खटमल जैसे जीव मिले, जो सिर्फ वीआईपी लोगों की कुर्सियों में पनपते हैं। ये जीव, मंत्री साहब के साथ उनके बंगले तक चले आते थे और वहाँ जाकर अपनी जनसंख्या बढ़ा लेते थे। ये जीव परिवार नियोजन के सख्त खिलाफ थे। जो भी इन कुर्सियों पर ज्यादा समय तक बैठता, उसका मुँह भी टेढ़ा हो जाता।

वजह ये कि ये जीव कुसीर्धारी के खून में से जनसेवा, कर्तव्यपरायणता, ईमानदारी, और काम के प्रति निष्ठा के कीटाणु चूस लेते हैं, और बदले में अहंकार, चालाकी, और वाक पटुता के कीटाणु भर देते हैं। कुछ ही दिनों में कुसीर्धारी में बदलाव दिखने लगता है, और उसे इन जीवों से कटवाने का ऐसा नशा हो जाता है कि बिना इनके काटे एक दिन भी गुजारना मुश्किल हो जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### चंदन स्कूल में बड़े उत्साह से मनाया शिक्षक दिवस

**समालखा (कुलदीप सिंह)**
**चंदन बाल** विकास पब्लिक स्कूल दुर्गा कॉलोनी समालखा में शिक्षक दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की आराधना करते हुए सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात विद्यालय की दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें शिक्षकों द्वारा प्रार्थना करवाई गई। बच्चों ने शिक्षक दिवस के विषय पर कविता, भाषण तथा नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा दसवीं के छात्रों ने शिक्षक और विद्यार्थी के संबंध को दिखाते हुए एक नाटक की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षक को उनके अनुरूप टाइटल बनाकर कार्ड दिए गए। आज विद्यालय में जो विद्यार्थी शिक्षक के रूप में आए थे उन्होंने ही विद्यालय संभाला तथा अन्य बच्चों को पढ़ाया। कार्यक्रम में शिक्षकों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन भी किया गया जिसमें शिक्षकों ने अपने मनोरंजन के अनुसार भाग लिया।

### भट्टू में दो युवकों ने मकान से लाखों की नकदी पर हाथ साफ किया

**फतेहाबाद:** भट्टू में दो युवकों ने एक मकान में घुसकर लाखों की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना मिलते ही मकान मालिक जब घर पहुंचा तो उसे देखकर दोनों युवकों मौके से फरार हो गए। बाद में मकान मालिक ने इस बारे में पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। गुरुवार को भट्टूकलां पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मॉडल टाऊन भट्टू निवासी सोनू कुमार ने कहा कि गत दिवस रात को वह किसी काम से मण्डी गया हुआ था और घर पर उसकी माता अकेली सो रही थी। उसी समय उसके पड़ोसी ने उसे फोन कर सूचना दी कि उसके घर में दो युवक चोरी की नीयत से घर के पीछे की दीवार कूदकर घुस गए हैं। सूचना मिलते ही तुरंत वह वापस घर पहुंचा तो उसे देखकर घर में घुसे चोरी मौके से भाग गए। उसने दोनों युवकों की पहचान कन्हैया उर्फ कान्हा पुत्र मनीराम व लखन उर्फ कान्हा पुत्र जग्गा राम निवासी प्रताप नगर भट्टू मण्डी के रूप में की। सोनू ने कहा कि इसके बाद उसने जब घर पर सामान को चैक किया तो पाया कि उक्त युवक उसके घर से अलमारी में रखे 1 लाख 85 हजार रुपये चोरी कर ले गए है। इस पर उसने इस बारे में पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर इनकी तलाश शुरू कर दी है।

### मन्नापुरम के कर्मचारियों से 1 लाख 13 हजार हड़पे

**फतेहाबाद: श**हर के जीटी रोड स्थित मन्नापुरम फाइनेंस के कर्मचारियों को झांसा देकर एक युवक गोल्ड लोन क्लीयर करवाने के नाम पर एक लाख 13 हजार 897 रुपये हड़प गया। इस बारे कंपनी के कर्मचारी द्वारा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद गुरुवार को साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में उदय विहार कालोनी, कंझावला, दिल्ली निवासी सुरेन्द्र सिंह ने कहा है कि वह फतेहाबाद में जीटी रोड स्थित मन्नपुरक फाइनेंस में बतौर सीनियर एस्सिटेंट काम करता है और गोल्ड लोन करवाता है। 18 जुलाई को हैप्पी पुत्र भूषण कुमार निवासी जवाहर चौक फतेहाबाद नामक युवक गोल्ड लोन करवाने के लिए आया और कहा कि उसका मुथ्थुट फाइनेंस आदमपुर में अढ़ाई लाख का गोल्ड लोन चल रहा है और उसने इस बारे मोबाइल में अपना गोल्ड लोन दिखाया। हैप्पी ने कहा कि वहां उसका ब्याज ज्यादा लग रहा है और वह मुथ्थुट फाइनेंस से लोन क्लीयर करवाकर उसका गोल्ड मन्नापुरम्म में रखकर उसे नया लोन दिलवा दो। इस पर उसने अपने बैंक खाते से हैप्पी के मुथ्थुट गोल्ड लोन अकाउंट में 60 हजार व उसके साथी कर्मचारी पुष्पेन्द्र ने अपनी अकाउंट से 53 हजार 897 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद युवक ने घर से जमा करवाए गोल्ड की स्लिप व सिम लेकर आने की बात कही और चला गया। इसके बाद उन्होंने उसकी काफी इंतजार किया लेकिन वह वापस नहीं आया। बाद में उसने उनका फोन उठाना भी बंद कर दिया। सुरेन्द्र ने आरोप लगाया कि हैप्पी ने उसके साथ धोखाधड़ी करके उनसे 1 लाख 13 हजार 897 रुपये हड़प लिए हैं। जब उसने युवक बारे जांच की तो पता चला कि युवक का असली नाम हैप्पी पुत्र भूषण निवासी मंडी आदमपुर, जिला हिसार है। इस पर उसने इस बारे साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई।

# जाहर वीर गोगा माडी पर आयोजित मेले में पहुंचे हजारों श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: गांव बारना** में भाद्रपद शुक्ल दूज के अवसर पर जाहर वीर गोगा माडी पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में हजारों की संख्या में आस पास व दूर दराज के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान युवा संगठन बारना की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मेले में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रशाद ग्रहण किया। ढोल नगाडों, हिंडोलों, खेल खिलौने व अन्य दुकानों से सजे इस मेले में बच्चे व बड़ों ने खूब आनंद लिया। विदेशों में रह रहे युवाओं के लिए मेले का लाईव प्रसारण भी चलाया गया ताकि विदेश में रहे युवा मेले का आनंद ले सकें। ढोल की थाप पर युवा वर्ग खूब थिरकता नजर आया। ग्रामीणों की अनुसार गांव बारना में बहुत



पुराने समय से ही जाहर वीर गोगा जी की माडी व गुरु गौरखनाथ की माडी है। दशकों से ही यहां पर मेले का आयोजन किया जाता है। स्थानीय लोगों में इस मेले का लेकर काफी उत्साह देखा जाता है। मेले से काफी दिन पूर्व ही तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं व पूरे गांव के सहयोग से मेले व भंडारे की व्यवस्था की जाती हैं। यहां पर साल में एक बार भाद्रपद शुक्ल दूज के दिन मेला लगता है जिसमें आस-पास के गावों के लोग भी यहां आते हैं। युवा संगठन बारना के सदस्य जसबीर सिंह, टोनी, प्रयास, मुकेश, मनोज, जितेंद्र व ओमप्रकाश सहित अन्य युवाओं ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्थान को दार्शनिक बनाया जा रहा है। युवा संगठन द्वारा पूरे परिसर का पक्का किया गया है। कुछ ही समय में एक विशाल द्वार यहां बनाया जा रहा है जिसके लिए ग्रामीण खूब खुले दिल से सहयोग कर रहे हैं।

**आस्था**

▶▶ आस पास व दूर दराज के लोगों ने भाग लिया। युवा संगठन बारना की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया

उन्होने कहा कि यह प्राचीन स्थान है जिसके प्रति लोगों में गहरी आस्था है।

**युवाओं ने स्वयं संभाले रखी व्यवस्था की कमान**

देखा गया कि तैयारियों से लेकर भंडारे के आयोजन व अन्य कार्यों की पूरी कमान युवाओं ने संभाले रखी। भंडारे में हजारों लोगों के भोजन करने के बावजूद भी कहीं अव्यवस्था देखने को नही मिली। इतना ही नही बर्तन धोने का कार्य भी युवाओं ने खुद किया।

## संत महापुरुषों को बताना होगा युवाओं को सनातन शिक्षा का महत्व



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : आज समाज** के दूषित वातावरण से संत महापुरुष ही नहीं हर वर्ग चिंतित है। जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने गणेश उत्सव की तैयारियों बारे जानकारी लेने के उपरांत कहा कि वर्तमान परिस्थितियों एवं वातावरण में सनातन की शिक्षा ही भारत की संस्कृति की रक्षक बनेगी। इस के लिए बच्चों एवं युवाओं को भी जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से पाश्चात्य संस्कृति का हर तरफ से आक्रमण हुआ है। वह भारतीय संस्कृति व समाज के लिए काफी हानिप्रद है। आज सनातन संस्कृति को जिस तरह से मनोवैज्ञानिक ढंग से अप्रासंगिक सिद्ध करने के प्रत्यक्ष एवं परोक्ष प्रयास चल रहे हैं, वह आसानी से देखे व समझे जा सकते हैं। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि हमारे सनातन में जो भी रीति-रिवाज हैं, उनका कोई न कोई आधार एवं तर्क होता है जिसे हम अपने संतानों को बता नहीं पाते क्योंकि यह अमूल्य ज्ञान हमारे परिवार से हमें ही नहीं स्थानांतरित किया गया। संस्कार परिवार से पड़ते हैं।

समय बहुत तेजी से बदल रहा है। पहले अधिकतर संयुक्त परिवार होते थे लेकिन वर्तमान में अब एकल परिवारों की संख्या विभिन्न कारणों से बढ़ रही है। इसलिए संयुक्त पारिवारिक वातावरण से जो सनातन शिक्षा सरल एवं प्राकृतिक ढंग से हमें प्राप्त होती थी, वह परम्परा अब क्षीण सी हो गयी है।

### मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए किया जागरूक

**फतेहाबाद: जि**ला प्रशासन की ओर से जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी यानि स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज, आंगनबाडी केंद्रों में मतदाता जागरूकता संकल्प दिलाकर मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालने के लिए प्रेरित व जागरूक कर मतदान का महत्व समझाया जा रहा है। इसमें सामाजिक और धार्मिक संगठनों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है।

## बेरोजगार युवा पार्टियों से जॉइनिंग मांग रहे: नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: गत वीरवार को** जयहिंद सेना सुप्रीमो नवीन जयहिंद के तंबू में प्रदेश के हजारों युवा एक बार फिर इकट्ठे हुए । ये युवा जयहिंद के नेतृत्व में चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आवास कबीर कुटीर और विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आवास पर मिलने के लिए निकले । जयहिंद ने कहा कि वे बेरोजगारों के साथ मुख्यमंत्री सैनी साहब और विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मिलने जा रहे है और इनकी जो भी समस्या है वो उनके सामने रखेंगे। ये युवा 6-7 पेपर देने के बाद भी बेरोजगार है। हर नेता और हर जगह धक्के खाने के बाद भी इनकी सुनवाई नहीं हो रही है । इसीलिए आज चंडीगढ़ के



लिए कूच किया और अगर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी साहब और विपक्ष के नेता अगर चंडीगढ़ नही मिलते है तो उनसे मिलने दिल्ली जायेंगे और अगर वहा भी नही मिलते है तो अमित शाह और राहुल गांधी के पास इन बेरोजगारों को लेकर जाएंगे। जयहिंद ने कहा की हम पीछे हटने वाले नही है जब तक बेरोजगारों की समस्या का समाधान ना हो जाएं। जयहिंद ने कहा कि ग्रुप 1,2,56,57 के पेपर दे चुके युवाओं की सुनी जाये । वे इन बेरोजगारों के साथ खड़े है । चाहे चंडीगढ़ जाना हो या सड़क पर उतरना पड़े इनकी एक ही माँग है इनका रिजल्ट जारी किया जाये और जॉइनिंग हो। इसके साथ टीजीटी , ओबीसी समाज के युवाओं, ग्रुप डी के पदों की संख्या बढ़ाने और वेटिंग लिस्ट जारी करने समेत सभी माँगों को सरकार माने । ये पिछले पाँच साल से रोजगार का इंतजार कर रहे है । जयहिंद ने विधानसभा चुनाव के लिए टिकट न मिलने वाले नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि जब एक नेता को मेहनत करने पर भी टिकट न मिलने पर किस तरह से रोते है । अपने समर्थकों से प्रदर्शन करवाते है। उनके बीच आंसू बहाते है।

तो सोच के देखो इन बेरोजगारों की तो रोजी रोटी पर आँच आ रही है तो इन्हें कितनी तकलीफ होगी नेताओ के तो समर्थक है इनके तो वो भी नहीं है । इन बेरोजगारों को रिश्तेदार और घरवालों के ताने सुनने पड़ रहे है।

### सोशल मीडिया पर दोस्ती कर युवती से किया रेप

**फरीदाबाद**। फरीदाबाद जिला में एक 18 वर्षीय युवती को दिल्ली के रहने वाले 23 वर्षीय युवक ने इंस्टाग्राम पर अपने प्रेम जाल में फंसाया और फिर उसे कई बार मिलने के लिए फरीदाबाद आया। इस दौरान उसने युवती से दोस्ती बढ़ाई और उसे मेट्रो में बैठाकर अपने घर दिल्ली नाथूपुरा ले गया। जहां पर उसने में न केवल युवती के साथ रेप किया, बल्कि उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना ली। मामले में युवती के पिता द्वारा शिकायत मिलने पर फरीदाबाद की एनआईटी महिला थाना की एसएचओ सुनीता और उनकी टीम ने आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के पिता ने महिला थाने में शिकायत देते हुए बताया कि उनकी बेटी की शादी 2024 के जून महीने में होनी थी। जिस लडके से उनकी बेटी की शादी होनी थी। उसके मोबाइल पर एक युवक ने उनकी बेटी की कुछ अश्लील वीडियो और फोटो भेजी। जब उनकी बेटी के होने वाले पति ने उससे पूछा कि वह कौन है, तो उसने अपना नाम राहुल बताया। जिसके बाद उनकी बेटी के होने वाले दामाद ने उन्हें मामले की जानकारी दी। जिसके बाद उन्होंने जब राहुल से बात की, तो उसने कहा कि अभी तो वह उनकी बेटी की और अश्लील फोटो और वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड करेगा और उनकी बेटी को किडनैप करके ले जाएगा।

## श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : श्रीकृष्ण** आयुष विश्वविद्यालय में गुरुवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव, प्राचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. जेके पंडा, डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. सुरेंद्र सहरावत, डॉ. कृष्ण कुमार जाटियान, डॉ. आशीष मेहता व



अन्य अध्यापक गण मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कुलपति ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है मगर आज का दिन भारत की महान शख्सियत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्म जयंती के रूप में मनाया जाता है। उनके अनुसार शिक्षा का केंद्र विद्यार्थी होते है।

विद्यार्थियों में नैतिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, व्यावसायिक आदि मूल्यों का संचरण करने का प्रयास शिक्षकों को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा के दो प्रकार है, एक अक्षर ज्ञान और दूसरा जीवन जीने की कला।

अगर शिक्षक दोनों गुणों से सम्पन्न है तो वह गुरुत्व को प्राप्त करता है। अच्छे गुरु के सानिध्य में निश्चित रूप से विद्यार्थी का जीवन भी सफल होता है। इसके साथ भारत का जो ध्येय वाक्य है, सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामय उस लक्ष्य को भी प्राप्त किया जा सकता है। कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव ने कहा कि आज गूगल पर बहुत सारी जानकारी विद्यार्थियों को बिना किसी कठिनाई के प्राप्त हो रही है, इससे विद्यार्थियों की जानकारी तो बढ़ रही है लेकिन आज ज्ञान की कमी है। एक गुरु ही है जो अपने शिष्य का उचित मार्गदर्शन करता है। जो उसको भारतीय संस्कारों और संस्कृति से अवगत कराता है, गूगल पर यह ज्ञान नहीं मिल सकता।

## डी ए वी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल में मनाया गया अध्यापक दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**चुलकाना रोड** स्थित डी ए वी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल समालखा में अध्यापक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । हेड गर्ल नेहा और 12वीं कक्षा की मन्नत ने कार्यक्रम स्टेज संचालन किया । सबसे पहले सभी अध्यापकों ने प्रार्थना सभा में स्कूल प्रार्थना की इसके बाद भूमिका ने सर्व पल्ली राधाकृष्णन के विषय में बताते हुए उनके कार्यों पर प्रकाश डाला और उन्हें महान शिक्षक के रूप में याद किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने रोल मॉडल का खिताब देकर स्कूल प्राचार्या भव्या शर्मा को मंच पर सम्मानित किया। फिर बारी-बारी से



सभी अध्यापकों को भिन्न-भिन्न टाइटल देकर तथा बैज लगाकर उन्हें सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्राचार्य भव्य शर्मा ने सभी अध्यापकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी और शिक्षकों को अपने कर्तव्य को और अधिक श्रद्धा एवं निष्ठा से करने के लिए प्रेरित किया साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिएअध्यापिका आशा वत्स मीनाक्षी सेतिया और सीमा राठी चंचल आदि मौजूद थी।

## हरियाणा की 53 प्रतिशत जनता चाहती है सरकार भाजपा की बने: सर्वे

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा: चुनावी मौसम** के बीच अब आम जनता के मूड को समझने के लिए किए जा रहे सर्वे में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती दिख रही है। हाल ही में प्रकाशित हुए आउटलुक-हंसा के सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के 53 प्रतिशत मतदाता तीसरी बार भाजपा को सत्ता में देखना चाहते हैं, तो वहीं कांग्रेस मात्र 44 प्रतिशत मतदाताओं के समर्थन के साथ बड़े अंतर से पिछड़ती हुई दिख रही है। जनता के अनुसार भाजपा सबसे अधिक सीटों पर विजय प्राप्त करने जा रही है, वहीं जजपा, आप और अन्य पार्टियां तमाम गठबंधनों के गुणा भाग करने के बाद भी दौड़ से बाहर ही दिख रही हैं। गौरतलब है कि उक्त सर्वे में प्रदेश की सभी विधानसभाओं में 8 हजार से अधिक पुरुषों और 5 हजार से अधिक महिलाओं को मिलाकर कुल 14,670 लोगों की राय ली गई, जिसमें लोगों के लिंग, जाति ,वर्ण और क्षेत्र का विशेष ध्यान रखा गया। सर्वे के अनुसार चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनने जा रही है, वहीं कांग्रेस दूसरे स्थान पर, तो अन्य दल अभी भी चुनाव में पकड़ बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आ रहे हैं।

**महिलाओं में भाजपा की अद्वितीय लोकप्रियता**

भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने केंद्र और राज्य, दोनों ही स्तरों पर महिला वोटरों की आकांक्षाओं को हमेशा प्राथमिकता पर रखा है। यही कारण है कि लोकसभा चुनाव की ही तर्ज पर विधानसभा चुनाव में भी महिलाओं का स्पष्ट रूझान भाजपा के पक्ष में जाता दिख रहा है। केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महिला सशक्तिकरण संबंधी नीतियों का लाभ प्रदेश में भी भाजपा को मिल रहा है। खास तौर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी की महिला वोटरों के बीच अच्छी खासी लोकप्रियता देखी गई है। यही कारण है कि 41 प्रतिशत महिला वोटरों ने नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार माना है।

**आंतरिक कलह ने कांग्रेस को बैकफुट पर धकेला**

इसी वर्ष हुए लोकसभा चुनावों में प्रदेश की 10 में से 5 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस पार्टी को एक दशक बाद प्रदेश में सत्ता में वापस लौटने की संभावना दिखाई दे रही थी, हालांकि सर्वे में कांग्रेस के मंसूबों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी और अंतर्कलह को इसका मुख्य कारण माना जा रहा है। जहां एक ओर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा-दीपेन्द्र हुड्डा मुख्यमंत्री पद हेतु ताल ठोंकते दिख रहे थे, वहीं कुमारी सेलजा, रणदीप सुरजेवाला और चौधरी बीरेंद्र सिंह जैसे कद्दावर नेताओं की सक्रियता से कांग्रेसियों के भीतर खींचातानी शुरू हुई है। इतने सारे संभावित चेहरों की ऊहापोह के बीच कांग्रेस पार्टी शीर्ष नेतृत्व से लेकर कार्यकताओं के स्तर तक दो फाड़ हो गई है। एक ओर जहां हुड्डा पिता-पुत्र मुख्यमंत्री पद हेतु स्वयंभू बनते दिखाई दे रहे हैं, वहीं अन्य नेता भी लगातार मुख्यमंत्री का चेहरा बनने के लिए कवायद में लगे हुए हैं। कांग्रेस पार्टी में टिकटों को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है, जहां 90 सीटों के लिए लगभग 3000 उम्मीदवारों के आवेदन आए हैं। टिकट आवंटन के दौरान भी अपने नेता को टिकट न मिलने पर, हर सीट पर कांग्रेस के कार्यकताओं के बागी हो जाने की प्रबल संभावना जताई जा रही है।

## हरित भारत के सहयोग से थाना स्कूल में किया गया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/पेहवा:** शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय थाना जिला कुरुक्षेत्र में हरित भारत, हरित धरा अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यू के (इंडिया) के सहयोग से पौधारोपण किया गया प्रोग्राम का संचालन विद्यालय के मुख्य शिक्षक रमेश जी ने किया । गाँव थाना के सरपंच प्रतिनिधि संदीप कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होने शिक्षक दिवस पर प्रकृति को मानव हित मे विशेष सम्मान देते हुए विद्यालय मे रुद्राक्ष का पौधा रोपित किया ओर साथ ही बच्चो और ग्रामीणो को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगवाने का आह्वान किया। मुख्याध्यापक रमेश थाना ने



ग्रामीणों को सम्बोधित करते कहा कि हमारी प्रकृति ने हमें वो समस्त संसाधन तथा सुविधाएं प्रदान की है जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं` बिना कुछ लिए हमें प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं` इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम भी इस प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए पेड़ लगाएं ।सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने सबसे पहले सभी को अध्यापक दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा की सभी विद्यार्थियो को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया साथ ही कहा कि हमे विशेष अवसरों पर जैसे जन्मदिवस, विवाह समारोहों, सेवानिवृत्ति आदि पर पेड़ उपहार स्वरूप देकर लगवाने चाहिए उन्होंने सभी बच्चों को कहा की जो बच्चे अपने लगाए पौधों की लगातार देखभाल करेंगे उनको हर महीने सेवा ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया जाएगा। ह्यविद्यालय शिक्षक गणपत ने सभी गाँववासियों व बच्चों को शपथ दिलाई की मिलकर पेड़ लगाएं, पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) की को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से डाबर का रियल जूस उपहार स्वरूप दिया गए।

इस अवसर पर मुकेश कुमार, सुखबीर राठी, तरसेम कुमार, जेबीटी शिक्षक कृष्ण कुमार, राजेश कुमार, जगरूप सिंह, रेखा वर्मा, अंजु रानी, मंजूबाला, प्रोमिला देवी, महेंद्रो देवी व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे`

**स्वच्छ**

▶▶ गाँव थाना के सरपंच प्रतिनिधि संदीप कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे

## शिक्षक दिवस पर प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**करूक्षेत्र : राजकीय** प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र में हर साल की तरह इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन एलएनजेपी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र मे आयोजन किया गया। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ वर्षो से रक्तदान शिविर आयोजन करता आ रहा है जिसका उद्देश्य है अच्छी शिक्षा के साथ लोगों को जागृत करना और अध्यापकों के सहयोग से समाज के लिए जरुरत पढ़ने पर खून को उपलब्ध करवाना है । शिक्षक दिवस के अवसर पर बहुत से प्रोग्राम होते हैं जिसमें राज्य के प्राथमिक शिक्षक कुरुक्षेत्र का रक्तदान शिविर प्रमुख रहता है जिसमें अध्यापक भाग लेते हैं और रक्त




दान करते हैं।

जन सहयोग संस्था ने सहयोगी के रूप में कार्य किया।इस मौके पर सूबे सिंह सुजान ने कहा कि रक्तदान करने से हमारे अपने शरीर के भी बहुत से फायदे होते हैं हमारा रक्त संचरण सही हो जाता है जिससे स्वास्थ्य अच्छा रहता है। संघ प्रधान राजेन्द्र टंडन और महासचिव संदीप चौहान ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक और खंड थानेश्वर शिक्षा अधिकारी हिंदू कौशिक का स्वागत किया और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व खंड थानेसर अधिकारी ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया।

# आर्य महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का किया गया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन )**
**वीरवार को आर्य** कॉलेज के ओपी शिंगला सभागार में शिक्षक दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों की लाजवाब प्रस्तुति से पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला, वरिष्ठ सदस्य विरेंद्र शिंगला, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य व प्रदीप ने शिरकत की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी मुख्य अतिथियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही पूरे आर्य कॉलेज परिवार को शिक्षक दिवस की बधाई।



प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अपने गुरूजनों का सम्मान अवश्य करना चाहिए ।? उन्होंने कहा कि माता-पिता के बाद एक शिक्षक ही वो इंसान जो हमारी तरक्की से खुश होता है। प्रबंधक समिति के वरिष्ठ सदस्य विरेंद्र शिंगला ने कहा कि शिक्षकों का कर्तव्य विद्यार्थियों को सवार्गीण विकास करना होना चाहिए। और शिक्षा के साथ-साथ समाज के हर एक पहलू से रूबरू करवाने का है। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि शिक्षकों का स्थान विद्यार्थी जीवन में अतुल्नीय है। शिक्षक ना केवल विद्या र्थियों को पढना और लिखना सीखाते हैं । साथ ही एक अच्छे इंसान का निर्माण कर समाज को भी हमेशा अग्रणी रखने का काम करते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों को हमेशा विद्यार्थियों का कुशल मार्गदर्शन कर कठोर परिश्रम और लक्ष्य प्राप्ति के मूल्यों के बारे में अवगत करवाना चाहिए। प्राचार्य ने बताया कि आज कॉलेज प्रांगण में प्रबंधक समिति द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर कॉलेज के सभी प्राध्यापकों व प्राध्यापिकाओं का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राणीशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. गीताजली की पुस्तक मंच संचालन प्राध्यापिका गरिमा मल्होत्रा ने किया। शिक्षक दिवस सम्मान समारोह में विद्यार्थियों ने कवितओं, गीतों, कव्वलियों व नृत्यों के माध्यम से पूरे सभागार को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. गीतांजली, डॉ. मधु गाबा, डॉ. संतोष टिक्कू, डॉ. बलकार सिंह, डॉ. रमेश शिंगला, डॉ. संदीप गुप्ता, प्रो. उमेद सिंह, प्राध्यापिका मीनाक्षी चौधरी, डॉ. सोनिया सोनी, आस्था गुप्ता, डॉ. राजेश गर्ग, डॉ. मनीषा ढूढेजा, पंकज चौधरी समेत सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# एएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद से मिले पारुल नागपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः आजाद समाज** पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय संयोजक सोमनाथ भीम आर्मी भारत एकता मिशन प्रदेश अध्यक्ष कमल कुमार बराड़ा और पारुल नागपाल ने संयुक्त प्रैस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी। इसमें पारुल नागपाल बगी ने अपनी टीम के साथ आजाद समाज के पार्टी, कांशीराम की सदस्यता ली। बुधवार को पारुल नागपाल ने दिल्ली बनी स्थित पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में पार्टी के के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद से की मुलाकात की, जहां उन्होंने पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए अभिनंदन व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान पारुल नागपाल ने पार्टी अध्यक्ष को अम्बाला के भौगोलिक स्थिति और



राजनैतिक हलचल के बारे में विस्तार से बताया। नागपाल ने कहा कि अम्बाला की यह विधानसभा में तानाशाहों का राज है जो वोट लेकर जनता की नजरों से हमेशा के लिए गायब हो जाते हैं। कभी क्षेत्र का हाल जानने सड़क पर नहीं उतरते। तानाशाहों की मनमानी का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है, इसलिए अब हम राजनीति के क्षेत्र में भी जनता का भरपूर साथ देंगे और उन्हें इंसाफदिलाएंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा 2024 का चुनाव अम्बाला के लिए एक नया इतिहास रचने जा रहा है। अम्बाला की सीट पर भारी मतों में आज समाज पार्टी, कांशीराम जीत दर्ज करेगी

## न्यूज फ्लैश

### डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को मनाया गया शिक्षक दिवस के रूप में



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**महाराणा प्रताप हाई स्कूल ददलाना में देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय में शिक्षक बच्चों द्वारा दूसरे बच्चों को पढ़ाकर शिक्षित बनने का संदेश दिया गया। विद्यालय के मुखाध्यापक बृजमोहन शर्मा ने बताया कि देश के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 में मद्रास में एक गरीब ब्राह्मण परिवार में हुआ था। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षाविद होने के साथ–साथ दार्शनिक और लेखक भी थे। उनके इन्हीं गुणों के कारण उन्हें सन 1954 में भारत सरकार ने सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि एक बार जब छात्रों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को मनाने की जिद की तो उन्होंने कहा कि अगर मनाना ही है तो मेरे जन्मदिन की जगह शिक्षक दिवस मानाओ। तब से उनके जन्मदिन को पूरे भारतवर्ष में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। 17 अप्रैल 1975 को 86 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया और देश ने एक महान शिक्षाविद और दार्शनिक को खो दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। बाल कल्याण समिति के चेयरमैन उमेश चानना जेजे और पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रति हमेशा संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण रवैया रखना चाहिये। बच्चों के साथ मार पीट तो दूर, कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिये जिसका असर उनकी मानसिक स्थिति पर पड़े। बच्चों की देखरेख से जुड़ा कोई व्यक्ति ऐसा अपराध करता है तो उसके लिये दुगुनी सजा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि पोक्सो एक्ट में उन लोगों के लिये भी सजा का प्रावधान है जो मामला जानकारी में होने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते अथवा समझौते का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रति अपराध को नहीं छिपाना चाहिये।

### क्रॉस लिमिटेड का आईपीओ सोमवार, सितंबर 9, 2024 से खुलेगा

**नोएडा।** क्रॉस लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) सोमवार, 9 सितंबर, 2024 को खुलेगा। कुल ऑफर साइज में 250 करोड़ रुपये तक का फ्रेश इश्यू और 250 करोड़ रुपये तक का बिक्री ऑफरशामिल है।एंकर निवेशक बोली की तारीख शुक्रवार, 6 सितंबर, 2024 को होगी और बोली प्रस्ताव बुधवार, 11 सितंबर, 2024 को बंद हो जाएगा। प्रति शेयर भाव 228 से 240 रुपये तय किया गया है। बोली न्यूनतम 62 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 62 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है।कंपनी ने फ्रेश इश्यू से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग मशीनरी और उपकरण की खरीद के लिए पूंजीगत खर्च आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए करने का प्रस्ताव किया है, जिसका अनुमानित मूल्य रु70 करोड़ है, बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लिए गए कुछ बकाया उधारों का पूरा या आंशिक हिस्सा का भुगतान, या पूर्वभुगतान, अनुमानित रूप से रु 90 करोड़। इसके अलावा रु 30 करोड़ वर्किंग कैपिटल की जरूरतों का वित्तपोषण के लिए तथा शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाएगी।बिक्री के प्रस्ताव में सुधीर राय द्वारा कुल मिलाकर 168 करोड़ तक के इक्विटी शेयर और अनीता राय द्वारा कुल मिलाकर82 करोड़ तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं। इक्विटी शेयरों की पेशकश कंपनी के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दिनांक 2 सितंबर, 2024 के माध्यम से की जा रही है, जो कंपनी रजिस्ट्रार, झारखंड, रांची (आरओसी), सेबी और स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल किया गया है।

### पायनियर ने भारतीय सड़कों के लिए अकयुक्त स्मार्ट डैशकैम की रेंज लॉन्च की

**गुरुग्राम।** जापान की कंपनी पायनियर कॉर्पोरेशन की सब्सिडियरी पायनियर इंडिया ने अपने मोबिलिटी अक पोर्टफोलियो में भारतीय सड़कों को ध्यान में रखते हुए डैशकैम की एक अत्याधुनिक रेंज लॉन्च की है। अकनाइट विजन, अऊ्रर अलर्ट और अत्याधुनिक पार्किंग तकनीक जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस, पायनियर के नए स्मार्ट डैशकैम सड़क पर चलने वाले हर वाहन में ऑटोमोटिव सुरक्षा और बचाव की सुविधा देता है। इसके साथ ही मोबाइल ऐप के जरिए जुड़े होने की वजह इसका इस्तेमाल बेहद आसान भी है। भारत में डिजाइन किए गए और विशेष रूप से भारतीय सड़कों के लिए बनाए गए ये डैशकैम हर भारतीय कार चालकों और कार मालिकों के लिए खुशी की बात है। नई शफ्रउ डैशकैम सीरीज के चार मॉडल्स हैं जिसमें VREC-H120SC, VREC-H320SC, VREC-H520DC और VREC-Z820DC शामिल है।

# शिक्षक ही विद्यार्थी के जीवन का श्रेष्ठ शिल्पकारः गुलशन

**टी एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्रः** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 विद्यालय में भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय में दयानंद सदन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पण से हुआ। इस अवसर पर छात्रों ने शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न नाट्य व गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी। छात्रों द्वारा अनेक अन्य गतिविधियां भी की गई शिक्षक दिवस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधक गुलशन



ग्रोवर , विद्यालय अध्यक्ष कर्नल एस. एन .शर्मा एवं पॉली क्लिनिक से दंत चिकित्सक डॉ माधविका , विद्यालय प्रबंध समिति के सम्माननीय सदस्य श्री बलविंदर भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय आचार्यों द्वारा अनेक गतिविधियों की गई । विद्यालय शिक्षकों का शिक्षक दिवस बहुत ही मनोरंजक रहा। डॉ राधाकृष्णन के जीवन से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। कर्नल एस.एन. शर्मा ने शिक्षक के महत्व को बताया कि शिक्षक हमारे जीवन में कितने आवश्यक हैं। एवं गुलशन ग्रोवर ने डॉ राधाकृष्णन जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डॉक्टर साहब अनेक महान गुणों की प्रतिपूर्ति थे। शिक्षक अपने विद्यार्थियों के जीवन के श्रेष्ठ शिल्पकार होते हैं। इस अवसर पर डॉ माधविका ने भी शिक्षक के महत्व के बारे में बताया कि गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा होता है। इसके अतिरिक्त डॉ माधविका ने अपने जीवन से जुड़ी हुई अनेक घटनाओं के बारे में बताया और सभी शिक्षकों को दंत चिकित्सा एवं दांतों की देखभाल के बारे में जानकारी दी कि किस तरह हमें अपने दांतों की देखभाल करनी चाहिए। स्वस्थ दांत हमारे स्वस्थ शरीर का एक बहुत अहम हिस्सा हैं ।हमें प्रतिदिन दिन में दो समय अच्छे से ब्रश करना चाहिए दांतों की छोटी-छोटी समस्याओं को अनदेखा नहीं करना चहिए। सावधानी ही सुरक्षा होती है ।हमें दांतों से संबंधी सभी छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना चाहिए।

# गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया

**समालखा/कुलदीप सिंह**
**गीता** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा, निर्देशक अनीता धीमान,प्राचार्या डा० अभिलाषा, उप-प्राचार्य रमेश वत्स, प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम ने कार्यक्रम का शुभारंभ डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। नौवीं की छात्रा उमंग, मानवी व अक्षिता ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर शिक्षकों के लिए म्यूजिकल चेयर गेम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षक अजीत ने प्रथम, रमेश वत्स ने द्वितीय और विवेक शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डा. अभिलाषा ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए उन्हें डा. राधाकृष्णन के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं बारे अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में शिक्षक को भगवान के समान माना जाता है। वहीं शिक्षक दिवस गुरु और शिष्य के बीच बने संबंध को जीने का और गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का त्योहार है। हमें शिक्षक दिवस के दिन ही नहीं अपितु जीवनभर अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा,प्राचार्या डा० अभिलाषा, उप-प्राचार्य रमेश वत्स, प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम ने निर्देशक अनीता धीमान व राजबाला मैम को लॉन्ग लाइफ अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया।

# शिक्षक महज नौकरी नहीं बल्कि देश निर्माण का कार्य :चंद्रशेखर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। शिक्षक दिवस** के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, करनाल द्वारा एडीआर सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन सेवाएं देने वाले शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर ने कहा कि शिक्षक महज एक नौकरी नहीं है बल्कि शिक्षक देश निर्माण का कार्य करते हैं। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास और राष्ट्र निर्माण में



शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज हम शिक्षा नीति के माध्यम से नए समाज का निर्माण कर रह हैं। बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करते हैं। शिक्षक ही बच्चों में विचारों का निर्माण करता है। शिक्षा और शिक्षक की बदौलत ही हमारी युवा शक्ति आगे बढ़ रही है। ऐसे में बच्चों को सही दिशा देना शिक्षक के लिए बड़ी जिम्मेदारी है। हमारे शिक्षक इस कार्य को बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने जिला के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई दी।

**गुरू का दर्जा सबसे ऊपर : इरम हसन**

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण इरम हसन ने कहा कि गुरु का दर्जा सबसे ऊपर है। समाज में बहुत सारी बुराईयां फैली हुई है। ऐसे में शिक्षक बच्चों को बचपन से ही अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कार देकर उन्हें इन बुराईयों से दूर कर सकता है। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए लीगल लिटरेसी मिशन बनाया गया है। उन्हें अलग-अलग विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

**शिक्षक दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर का भी किया गया आयोजन**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, करनाल द्वारा एडीआर सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी व सिविल अस्पताल, करनाल की टीम ने रक्तदान शिविर में अपनी सेवाएं दी। इस दौरान अधिवक्ताओं ने रक्तदान किया और कुल 46 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर ने रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

**शिक्षकों को किया गया सम्मानित**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर ने शिक्षकों को भी सम्मानित किया। जिला भर में जिन शिक्षकों ने गत सत्र के दौरान बेहतरीन कार्य किया है, उन्हें जिला न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आमंत्रित किया गया। इसके बाद उन्हें प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठकराल ने इस कार्यक्रम का आयोजन करने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इरम हसन का धन्यवाद किया। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव चौधरी, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान व अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# 'कल्प' का अर्थ आचार और 'सूत्र' का अर्थ सूचन करने वाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबा** चातुर्मास समिति द्वारा आयोजित दिव्यानंद निराला प्रवचन स्थल के विशाल परिसर में पर्युषण महापर्व के दौरान पांचवें पर्युषण दिवस पर जैन आचार्य दिव्यानंद जी महाराज साहब (निराले बाबा) ने संबोधित करते हुए कहा कि " कल्प" का अर्थ आचार और "सूत्र" का अर्थ सूचन करने वाला है। उन्होंने कहा कि " श्री कल्पसूत्र " का शुभ मनोयोग से श्रवण करने से भवोभव के पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं। जो प्राणी एक-एक अक्षर विधिपूर्वक श्रवण करते हैं वह 8 वें भव में मोक्ष प्राप्त कर लेते है । राष्ट्रसंत दिव्यानंद महाराज साहब( निराले बाबा) ने चौदह स्वप्न के बारे विस्तार पूर्वक विवेचन करते हुए बताया कि सोनीपत




नगर का सौभाग्य हुआ है इतिहास के पन्नो में प्रथम बार चातुर्मास हुआ है और चातुर्मास के दौरान ये कार्यक्रम भी प्रथम बार हो रहा है आप सभी भक्त वर्ग का पुण्य जागृत हुआ है तभी ऐसे कार्यक्रम का होना संभव हो पाता है। भगवान महावीर स्वामी के पालने का अपने निवास स्थान पर ले जाने का सौभाग्य श्रीमती अनु मुकेश सिंगला , सिमरण वैभव सिंगला परिवार ने प्राप्त किया। चातुर्मास संयोजक सुभाष सिंगला ने कहा कि सम्पूर्ण भारत वर्ष में सोनीपत नगर में ये चातुर्मास जो निराले बाबा का हो रहा है तो ये आज का भी कार्यक्रम निराला हुआ है कि जिसमें चौदह स्वप्न के अलावा कोई भी बोलिया नहीं हुई ये भी इतिहास में प्रथम बार हुआ है। प्रथम स्वप्न एवं क्रमशः अन्य स्वप्न का दर्शन कराने का पुण्य लाभ श्री सुभाष सिंगला, दर्शन धींगड़ा, धीरज धींगड़ा, अशोक भक्त, पवन गर्ग, मुकेश सिंगला, राय साहब, नरेश जैन, कुलदीप शर्मा , प्रमोद जैन, लक्ष्मी पत सुराणा, भूषण जैन, पुनीत जैन, किटटु सिंगला, जगमोहन जैन, पुष्पा जैन, सरिता जैन, मीना जैन, शिल्पी जैन, नेहा जैन, रेखा गर्ग, पूजा मित्तल , सत्येन्द्र सोलंकी, राकेश राठौड़, आदि अनेकानेक भक्त सपरिवार ने लिया। थाली बजाने का पुण्य लाभ रेखा पवन गर्ग ने प्राप्त किया परमात्मा का झूला झूलाने एवं निवास स्थान पर ले जाने का सौभाग्य श्रीमती अनु देवी मुकेश सिंगल टसिमरण वैभव सिंगला ने प्राप्त किया।

# एनडीपीएस एक्ट की बारीकियों से कराया अवगत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। आज यहां पंचायत** भवन में एनडीपीएस (नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस) एक्ट 1985 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। कार्यक्रम में हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) को एनडीपीएस के अलावा किशोर न्याय अधिनियिम (जे.जे. एक्ट) की बारीकियों से अवगत कराया गया। एडवोकेट प्रशांत ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट 1985 में लागू किया गया था। इस एक्ट का उद्देश्य नशीले और मादक पदार्थों के भंडारण, उपभोग, परिवहन, खेती, बिक्री, खरीद और विनिर्माण को रोकना और दोषी पाये जाने पर दंड देना है। संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दोनों अधिनियमों के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर ही कार्यवाही करनी चाहिये।

उन्होंने बताया कि एनडीपीएस एक्ट में 238 तरह की नशीली चीजों को प्रतिबंधित किया गया है। मात्रा के आधार पर दोषी को सजा दी जाती है। यानि अल्प मात्रा (5 ग्राम तक) में प्रतिबंधित नशीली चीज पाये जाने पर एक साल तक की सजा, मध्यम मात्रा (पांच से दस ग्राम तक) की स्थिति में एक से दस साल और वाणिज्यिक मात्रा (10 ग्राम से एक किलो) पाये जाने पर दस से बीस साल तक की सजा का प्रावधान है। एक ही अपराध बार-बार करने पर मृत्यु दंड तक दिया जा सकता है।

# किसी भी सफल इंसान के जीवन में गुरु का अहम योगदानः रणदीप

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
आर्य बाल भारती स्कूक के प्रांगण में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप कादियान रहे` आर्य समाज काबड़ी के उपप्रधान ओम दत्त आर्य और कोषाध्यक्ष महताब मलिक विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे` समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सत्यवान आर्य ने की` इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यालय के सभी अध्यापकों को सम्मानित किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी बाल कलाकारों और हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के स्वयंसेवकों को भी




मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया` इस मौके पर पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद एवं दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, ऋषि दयानंद और स्वामी श्रद्धानंद को भी सभी वक्ताओं ने बार-बार याद किया ` कार्यक्रम का शुभारम्भ गायत्री मंत्र के साथ हुआ और राष्ट्रगान के साथ संपन्न हो गयो मंच संचालन जगदीश चहल ने किया` मुख्य अतिथि प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि भारतीय सभ्यता व संस्कृति में गुरु को गोविंद अर्थात भगवान के समान माना गया है गुरु के सहयोग और मार्गदर्शन के बिना समाज से अज्ञानता और अंधविश्वास के अंधकार को मिटाया नहीं जा सकता ' उन्होंने कहा कि शिक्षा मनुष्य को जहाँ आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करती है वहीं शिक्षा आत्मा को विकसित कर मोक्ष की और ले जाने का कार्य भी करती है`

**विशिष्ट अतिथि ओमदत्त आर्य ने कहा कि भारत ज्ञान** – विज्ञान के क्षेत्र में अन्य देशों को पीछे छोड़ते हुए चंद्रयान के माध्यम से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। इस विशाल उपलब्धि को हासिल करने वाले वैज्ञानिकों के जीवन में किसी न किसी शिक्षक और गुरुजन का योगदान अवश्य रहा है। इसलिए अध्यापकों का जितना भी सम्मान किया जाए वह कम है ' आचार्य चाणक्य, ऋषि दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद, स्वामी स्वतंत्र आनंद, पंडित लेखराम, भगत फूल सिंह, स्वामी ओमानंद जैसे महान संतों और गुरुओं के बताए मार्ग पर चलते हुए सभी अध्यापकों, अभिभावकों और छात्रों को अधिक मेहनत करके शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नए आविष्कार कर भारत को पुनः जगतगुरु का दर्जा दिलाने में अपना पूर्ण सहयोग देना चाहिए। कोषाध्यक्ष महताब मलिक ने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान संभव नहीं है। शिक्षा हमें अपनी प्रतिभा और क्षमता का निरंतर अहसास करवाती है जिससे व्यक्ति सरल जीवन शैली और उच्च आदर्शों के साथ जीवन व्यतीत कर मोक्ष की ओर कदम बढ़ाता है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में बड़ी धूमधाम से मनाया गया टीचर्स डे

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**
दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, समालखा में 'शिक्षक दिवस' को बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रबंधन समिति डायरेक्टर डॉ. सपना गुप्ता, हिमांशी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात 'शिक्षक दिवस' के शुभावसर पर विशेष मॉर्निंग असेंबली को छात्रों द्वारा शिक्षकों के प्रति आभार, मार्गदर्शन, स्नेह व कृतज्ञता व्यक्त करते हुए योजनाबद्ध और समन्वित करके



प्रस्तुत किया। जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने समूह गीत, सामूहिक नृत्य और गुरु के सम्मान में नाटक प्रस्तुत किये। संपूर्ण वातावरण मस्ती, आदर और हँसी से भरा था। स्टूडेंट्स ने अपने टीचर्स को कार्ड भेंट स्वरूप दिये, जिसके माध्यम से हार्दिक संदेश देते हुए अपने शिक्षकों के प्रति अपने अपार प्रेम और सम्मान को सुंदर भावों में व्यक्त करते हुए, उन्होंने 'टीचर्स डे' की बधाई दीं।

# रोलर स्केटिंग में आर के इंटरनेशनल स्कूल ने मारी बाजी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी** दिल्ली के नरेला में सफियाबाद रोड़ स्थित आर के इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने हरियाणा के सोनीपत में 30 अगस्त से 2 सितंबर तक आयोजित राज्यस्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर नेशनल स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए चुने गए हैं। इस दौरान 12वीं कक्षा के छात्र जतिन ने 500 मीटर स्केटिंग में गोल्ड मेडल और 11वीं कक्षा की छात्रा कंचन ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता है। दोनों खिलाड़ियों ने 1000 मीटर स्केटिंग में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीते हैं और इसके साथ ही नेशनल प्रतियोगिता के लिए चुने गए हैं। राज्यस्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का आर के इंटरनेशनल स्कूल में पहुंचने पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अपने पसंद के खेलों में भी भाग लेना चाहिए। जतिन और कंचन की यह सफलता केवल उनकी मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि यह उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और अनुशासन का भी प्रतीक है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र न केवल अकादमिक क्षेत्र में बल्कि खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां स्कूल में विशेष प्रशिक्षण के साथ आधुनिक खेल उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा स्कूल में सभी खेलों की ट्रेनिंग विशेष कोच द्वारा दी जाती है। यहां क्रिकेट, फुटबॉल, वालीबॉल, ऊंची कूद, स्विमिंग, स्केटिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस जैसे खेलों का प्रशिक्षण दिया जाता है। डायरेक्टर आकाश शर्मा, शिल्पी शर्मा और ऐश्वर्या शर्मा ने कहा कि आरके इंटरनेशनल स्कूल में प्रत्येक बच्चे की विशिष्टता में विश्वास करते हैं और इस प्रकार हम बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण बनाते हैं। आरके इंटरनेशनल स्कूल ग्रुप शिक्षा बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानाचार्या निधि नेहरा ने छात्रों की इस सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आर. के. इंटरनेशनल स्कूल न केवल शैक्षिक स्तर पर बल्कि खेलों में भी अग्रणी है। हमारी कोशिश है कि हम अपने छात्रों को हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं और मार्गदर्शन प्रदान करें। इस मौके पर सभी शिक्षक व स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।





## मेयर डॉ. शेली ओबेरॉय को तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए: सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी की मेयर डॉ. शेली ओबेरॉय ने मेयर पद पर बने रहने का संवैधानिक और नैतिक अधिकार खो दिया है और उन्हें बर्खास्त किया जाना चाहिए। मेयर ने अपने कार्यकाल के काफी पहले समाप्त होने के बावजूद एमसीडी का नेतृत्व बेशर्मी से जारी रखा और वार्ड समितियों और स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव को रोकने के लिए पूरी कोशिश की। उन्होंने अपनी सच्ची अराजकतावादी राजनीतिक परवरिश दिखाई है। सचदेवा ने कहा कि भाजपा की 12 वार्ड समितियों में से 7 में जीत और पार्टी के 17 सदस्यों में से 9 सदस्यों का स्थायी समिति में बहुमत मिलने से दिल्लीवासियों के मन में विकास कार्यों के जल्द शुरू होने की उम्मीद जगी है। आम आदमी पार्टी जिसने लगभग 20 महीनों तक दिल्ली नगर निगम के विकास कार्यों को ठप कर दिया था, उसे अब कम से कम हार स्वीकार करनी चाहिए और भाजपा के स्थायी समिति के सदस्य के अध्यक्ष के रूप में चुनाव को स्वीकार करना चाहिए।



## जनता को गुमराह करना बंद करें आम आदमी पार्टी: भारत सिंह राघव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सराय पीपल थला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित के लिए कार्य करती है। यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह कांग्रेस की देन है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री राघव ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को केवल गुमराह करने का कार्य किया है। जिसकी वजह से दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने केवल कागजों में ही विकास किया है, धरातल पर विकास देखने को नहीं मिल रहा है, जिसकी वजह से दिल्ली की जनता को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम की लापरवाही से बरसात में रोड़ो पर जलभराव हो जा रहा है, जिसके चलते लोगों को कई दिक्कते हो रही है। उन्होंने बताया कि वैसे तो दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम दावे कर रही थी कि इस बार हमने मानसून को लेकर काफी तैयारी कर रखी है, लेकिन सभी वादे झूठे निकले और पहली ही बरसात में दिल्ली में जगह-जगह जलभराव देखने को मिला और जनता परेशान हुई।



## लामपुर: सोमवती अमावस्या के अवसर पर भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी नरेला** के नरेला विधानसभा अंतर्गत लामपुर गाँव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सोमवती अमावस्या के अवसर पर श्री कृष्णा आशियाना डेवलपर्स एंड बिल्डर्स की ओर से अपने कार्यालय पर विशाल मासिक भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने कढी चावल का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।

इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चों से लेकर युवक-युवतियों की भीड़ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटी रही। दोपहर 12 बजे से शुरू हुए भंडारे में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने श्रद्धापूर्वक कढी चावल का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। आचार्य ललित मोहन पाठक ने बताया कि गरुड़ पुराण में बताया गया है कि सोमवती अमावस्या पर पितरों का तर्पण करना बहुत शुभ होता है। इस दिन पितरों को तर्पण करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। इस बार सोमवती अमावस्या के दिन शिव योग भी रहा है। विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा सोमवती अमावस्या के दिन करने से पारिवारिक जीवन में सुखद बदलाव देखने को मिलता है। भगवान शिव जी की आराधना करने से अक्षय फलों की प्राप्ति होती हैं, वहीं श्री कृष्णा आशियाना डेवलपर्स एंड बिल्डर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर रणवीर सिंह ने बताया कि श्री कृष्णा आशियाना डेवलपर्स एंड बिल्डर्स की ओर से हर माह अमावस्या के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन बड़ी ही धूमधाम के साथ किया जाता है। भंडारे जैसे आयोजनों से जहां आपसी स्नेह और सौहार्द बढ़ता है वही, धार्मिक आध्यात्मिक विषयो पर समाज में जागरूकता भी होती है। नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत सोमवती अमावस्या के पावन पर्व पर भंडारे का भव्य आयोजन कर भगवान के उस विश्वास को सिद्ध कर दिया कि भगवान भुखा उठाता है, भूखा सुलाता नहीं है। भंडारे में रणबीर सिंह, शशी बाला, अनिल पवार, अजय, विवेक, शालिका अग्रवाल, सोनू नाई, सुनील, अरुण, दिनेश कुमार, सुभाष कुमार, नवीन कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



## जनता को सुविधाएं मुहैया कराये दिल्ली सरकार: सुनील मनराल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित संगम पार्क वार्ड में रहने वाले वाले कांग्रेस नेता सुनील कुमार मनराल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश को अंग्रेजों की तरह लूट रही है, और कांग्रेस का लक्ष्य इसे सत्ता से बेदखल करके देश को बचाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की केंद्र सरकार ने रेलवे, हवाई अड्डों, ऊर्जा वितरण प्रणाली और सार्वजनिक क्षेत्र की कई कंपनियों को बेच दिया। वहीं उन्होनें यह भी आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार देश की संपत्तियां बेचकर उसे चला रही है। मनराल ने कहा कि भाजपा अंग्रेजों की तरह देश को लूट रही है। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, संविधान और न्याय व्यवस्था को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता के हित में कार्य करने चाहिए, जिससे की जनता को सुविधाएं मिल सके।



## डिजिटल सुंदरकांड पाठ व श्याम संकीर्तन आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** के नरेला में मेन बाजार स्थित नारायण मंदिर में श्रीराम भक्त हनुमान सेवा समिति की ओर से 170वें मासिक सुंदरकांड पाठ एवं श्री श्याम संकीर्तन का बड़े ही धूमधाम से आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ो की संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए। इस माह नरेला में पहली बार डिजिटल सुंदरकांड पाठ का विशाल एलईडी स्क्रीन पर आयोजन किया गया। वही श्री श्याम संकीर्तन में भजन गायको ने एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। संकीर्तन पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। बाहरी उत्तरी दिल्ली के नरेला में झंडा चौक स्थित नारायण मंदिर में श्रीराम भक्त हनुमान सेवा समिति की ओर से मासिक 170 वें सुंदरकांड पाठ एवं श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। श्याम संकीर्तन में भजन गायक वरदान वंदन ने बाबा श्याम के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, श्याम दरबार आकर्षण का केंद्र रहे। वही डिजिटल सुंदर कांड पाठ सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर नजर आए। श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के जयकारे लगाए और मौके पर लोगों ने कहा कि सुंदरकांड पाठ के आयोजन से घर में सुख शांति आती है। लोगों को अपने-अपने घरों में कम से कम मंगलवार को सुंदरकांड पाठ अवश्य करना चाहिए। श्रीराम भक्त हनुमान सेवा समिति के प्रधान विकास बंसल ने बताया कि समिति की ओर से हर महीने के पहले मंगलवार को मासिक सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया जाता है। समिति द्वारा पिछले 14 साल से निरंतर सुंदरकांड पाठ व संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। सुंदरकांड पाठ व संकीर्तन पश्चात विशाल भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। सुंदरकांड पाठ में प्रधान विकास बंसल, कोषाध्यक्ष सुनील गर्ग, राजेश गोयल, दिनेश बंसल, मनोज सिंघल,मनोज शर्मा, पुनीत गर्ग, स्नेह लता, मा. भूपेंद्र, सुमित कुमार, सुंदर मित्तल, अजय शर्मा, वीरेंद्र कौशिक, पवन गर्ग सहित सैकड़ो की संख्या में धर्म प्रेमी लोग मौजूद रहे।



## नांगलोई में शानदार कवि सम्मेलन व मुशायरे का हुंआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नवल रश्मि एक भोर नई, उर्दू हिन्दी एकता अंजुमन और सुरभि म्यूजिक स्टूडियो के तत्वावधान में एक शानदार कवि सम्मेलन एवम मुशायरे का आयोजन सुरभि म्यूजिक स्टूडियो राजेन्द्रा पार्क एक्सटेंशन नांगलोई, दिल्ली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री कवि अनिल मीत ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ माजिद देवबंदी साहब, विशिष्ट अतिथि उस्ताद शायर जनाब मंगल नसीम साहब के अलावा साहित्यकार सविता चड्ढा ,सारस्वत संदीप गुप्ता शजर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



सुशांत मिश्रा को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का संयुक्त सचिव ऐडमिस्ट्रेशन नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए आदेश भारद्वाज जिलाध्यक्ष करावल नगर कांग्रेस कमेटी, पी एस रावत, देवेन्द्र कुमार, रेखा रानी, बीर सिंह, बलजीत शर्मा, योगेन्द्र यादव, जगमोहन चौहान व अन्य।

## वजीरपुर: महंगाई से जनता परेशान, सरकार दें ध्यान: उमाकांत शर्मा

**नई दिल्ली: भाजपा के** मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कहा कि राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी के राज में कई समस्याओं से जनता को जूझना पड़ रहा है, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आने के कारण लोगों को मजबूर होकर बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है। श्री शर्मा ने आगे कहा कि आप ने दिल्ली की जनता को धोखा देने का कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते दिल्ली की जनता को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आप के राज में दिल्ली में महंगाई अपने चरम सीमा पर पहुंच चुकी है, रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है, जिस कारण से गरीब वर्ग का बजट बिगड़ रहा है और वह परेशान हो रहा है।



## प्रभु की भक्ति सभी को सच्चे मन से करनी चाहिए: जनेश भडाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के** बुनकर कॉलोनी इलाके में श्री बालाजी महाराज का जागरण आयोजित किया गया। इस मौके पर समाजसेवी जनेश भडाना, सतबीर यादव, फूल सिंह यादव, गुलाब कुमार, दीपक, वीर सिंह, बनवारी यादव, अमित कुमार, नवीन कुमार, विनीत, रिझब शर्मा, अनुभव भडाना, राहुल कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर समाजसेवी जनेश भडाना ने बताया कि सभी को प्रभु की भक्ति सच्चे मन से करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी प्रभु की भक्ति करें। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी गरीब व निर्धन तबके की सहायता के लिए आगे आये, जिससे की सभी का कल्याण हो सके। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।




## मादीपुर: सड़क पर कूड़े का ढ़ेर लगने से लोग परेशान: मेहता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली पंचायत संघ** ने मादीपुर विधानसभा के अंतर्गत अग्रवाल धर्मशाला ए ब्लॉक मादीपुर के सामने मुख्य मार्ग पर बने कूड़ा घर के पास कूड़ा रोड़ के बीचों बीच डाले जाने के कारण प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है।

स्कूल में आने-जाने वाले बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे ही मादीपुर गांव के पश्चिमी छोर पर साहिब सिंह स्टेडियम के साथ लगती हुई दीवार के साथ व गांव के मुख्य मार्ग जो पांडव कालीन शिव मंदिर मार्ग पर बने कूड़ा घर पर ताला लगाया हुआ है। वहां कंपैक्टर लगाने की बात थी। लेकिन अभी तक नहीं लगा है। विधानसभा और नगर निगम वार्ड में वर्तमान आम आदमी पार्टी के विधायक व पार्षद गांव की गंभीर समस्या को नजर अंदाज कर रहे हैं। इसको लेकर गांव और आस-पास के क्षेत्र में आक्रोश है। पंचायत संघ के सह प्रमुख सुनील शर्मा मादीपुर गांव ने कहा कि जल्द ही मादीपुर गांव और आस-पास के क्षेत्र की एक बड़ी पंचायत बुलाई जाएगी। गांव की गंभीर समस्याओं को लेकर अब बर्दाश्त नहीं होगा। संबंधित शासन और प्रशासन इसको गंभीरता से लें। हम बार-बार शासन प्रशासन से आग्रह करते आ रहे हैं की मादीपुर विधानसभा व नगर निगम वार्ड-93 का बहुत बुरा हाल है इससे पूरे क्षेत्र में आक्रोश बना हुआ है जल्द ही आक्रोश का रोष इनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन में बदलेगा।



## केशवपुरम जोन के समस्त वार्डों में विशेष सफाई अभियान शुरू किया जाएगा: वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** निगम पार्षद योगेश वर्मा ने दिल्ली नगर निगम की महत्वपूर्ण वैधानिक वार्ड समिति, केशवपुरम क्षेत्र का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के दौरान केशवपुरम स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में वार्ड समिति के सभी सदस्य, उपायुक्त, सहायक आयुक्त एवं अन्य सभी क्षेत्रीय अधिकारीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासीगण, आरडब्ल्यूए के सदस्य, धार्मिक व सामाजिक संगठनों के प्रमुख आदि बधाई देने के लिए उपस्थित रहे। यह भी उल्लेखनीय है कि विगत 4 सितम्बर 2024 को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर स्थित मुख्यालय में अध्यक्ष वार्ड समिति केशवपुरम क्षेत्र का चुनाव हुआ। जिसमें योगेश वर्मा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि पिछले दो सालों से निगम में शासित आम आदमी पार्टी ने वार्ड समितियों का चुनाव अलोकतांत्रिक तरीके से रोक रखा था और निर्धारित 4 सितम्बर की चुनावी बैठक को भी रद्द करने की इनकी मंशा थी लेकिन आयुक्त महोदय द्वारा जनता के हित में निर्णय लेते हुए वार्ड समितियों का चुनाव कराया गया है।



## 'आप' द्वारा शिक्षक दिवस कार्यक्रम का राजनीतिकरण करना निंदनीय: कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आम आदमी पार्टी द्वारा शिक्षक दिवस की मयार्दा तोड़ने की कड़ी निंदा की है।

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की परम्परागत रूप से दिल्ली नगर निगम के शिक्षक दिवस समारोह में पदासीन शिक्षा मंत्री या फिर महापौर स्वंय या कोई बड़ी पदासीन शख्सियत मुख्य मंत्री के रूप में आते रहे हैं।

गत वर्ष 2023 में भी शिक्षा मंत्री आतिशी नगर निगम कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं पर खेदपूर्ण है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 06 सितंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

**फास्ट न्यूज**

## चार युवकों ने नाबालिग से किया छेड़छाड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**लोहाघाट:** नगर में एक नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि चार युवकों ने घर से स्कूल जाते वक्त नाबालिग को नशीला पदार्थ सुघांया और बेहोश होने पर उसे अज्ञात स्थान पर ले जाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। नाबालिग के साथ दुष्कर्म किए जाने का अंदेशा भी जताया जा रहा है।

**पोक्सो एक्ट में मामला पंजीकृत**

पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध पोक्सो एक्ट में मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। दुष्कर्म की पुष्टि के लिए नाबालिग का मेडिकल कराया जा रहा है। बुधवार को एक स्कूल की नाबालिग छात्रा सुबह घर से स्कूल की ओर निकली। इसी बीच रास्ते में चार युवकों ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण कर लिया। उन्होंने नाबालिग को सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। काफी देर बाद छात्रा बदहवास हालत में घर पहुंची तो स्वजनों की पांव तले जमीन खिसक गई। पूछताछ करने पर वह कुछ बता नहीं पाई। स्वजनों ने स्कूल प्रबंधन से पूछताछ की तो जबाव मिला कि छात्रा स्कूल नहीं आई थी। बाद में छात्रा ने स्वजनों को आपबीती बताई। जिसके बाद स्वजन लोहाघाट थाने पहुंचे और अज्ञात के विरुद्ध छेड़छाड़ की तहरीर सौंपी।

## पंजाब में महंगा हुआ पेट्रोल व डीजल,बढ़ाई वैट दरें

**चंडीगढ़:** पंजाब सरकार ने प्रदेश की जनता पर एक बोझ डाल दिया है। पंजाब में अब पेट्रोल व डीजल महंगा मिलेगा। गुरुवार को चंडीगढ़ में हुई बैठक के बाद सरकार ने पेट्रोल व डीजल पर वैट की दरें बढ़ा दी हैं। बैठक के बाद वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि राज्य में पैट्रोल पर 61 पैसे प्रति लीटर और डीजल पर 92 पैसे प्रति लीटर वैट बढ़ाया गया है।

# अब अयोध्याधाम भी तमिलनाडु से जुड़ा

## 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को समृद्ध करने का मार्ग प्रशस्त करेगा राम नाथ स्वामी मंदिर'

**प्राण प्रतिष्ठा**

### ▸▸ सीएम ने अयोध्या धाम में नव स्थापित मंदिर में महाकुंभाभिषेक व प्राण प्रतिष्ठा समारोह में लिया हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने अयोध्या दौरे की शुरूआत राम नाथ स्वामी मंदिर में आयोजित महाकुंभाभिषेक व प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेकर की। कार्यशाला में स्थापित इस दक्षिण भारतीय शैली के मंदिर में नवस्थापित महादेव के शिवलिंग का पूजन व अर्चन करने के साथ सीएम योगी ने प्रदक्षिणा भी की। सीएम योगी ने रामनाथ स्वामी मंदिर की स्थापना को एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को समृद्ध करने वाला प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि रामस्वामी का कार्यशाला में विराजमान होना अत्यंत आनंद का क्षण है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम और तमिलनाडु का विशेष रिश्ता है। ये हजारों वर्षों की परंपरा है। हजारों वर्ष पहले मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जब श्रीलंका में माता सीता की खोज के लिए निकले थे तो तमिलनाडु के रामेश्वरम में सेतु बंधन के पश्चात अपने आराध्य भगवान शिव की अराधना की थी। सीएम योगी ने कहा कि संपूर्ण भारत एक है, इस संकल्प के साथ आध्यात्मिक चेतना बढ़ रही है। मौजूदा प्रयास भी इसमें एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के पीएम मोदी के कार्यक्रम हो ही आगे बढ़ा रहे हैं जो यहां भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत उत्तर से लेकर दक्षिण तक पूरब से लेकर पश्चिम तक एक रहा है। हमारे शास्त्र व धर्मस्थल इस बात के प्रमाण हैं। सरकारें अलग अलग रही हों मगर भारत के संतों की परंपरा ने मजबूती प्रदान की है।

**काशी तमिल संगमम् का दिया उदाहरण:** सीएम योगी वाराणसी में आयोजित होने वाले काशी तमिल संगमम् का उदाहरण देते हुए कहा कि काशी में तमिल संगमम् के दो संस्करण पूर्ण हो चुके हैं।



### सबसे आध्यात्मिक नगरी के तौर पर स्थापित होगी अयोध्या: सीएम योगी

**सीएम** योगी ने कहा कि अब प्रभु श्रीराम का पूरा भव्य मंदिर बनने में ज्यादा देर नहीं होने वाली है। मंदिर निर्माण को पूर्ण करने के सभी कार्य तीव्र गति से जारी है जिसके लिए मंदिर ट्रस्ट के चंपत राय, गोपाल राय व अन्य पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को पीएम मोदी द्वारा हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में समाज का पूरा नेतृत्व वर्ग अयोध्या धाम में था। अयोध्या धाम में पांच सदी के बाद विराजमान हुए राम लला का करोड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया है। मेरा मानना है कि अयोध्या धाम एक नई गति के साथ दुनिया की सबसे आध्यात्मिक और सुंदरतम नगरी के रूप में स्थापित होकर पूरे सनातन धर्मावलंबियों के लिए एक नई प्रेरणा और प्रकाश का केंद्र बिंदु बनकर उभरेगा।

# समस्या का समाधान असली कानून व्यवस्था है, नकली एनकाउंटर नहीं: अखिलेश

**साधा निशाना**

### ▸▸ अखिलेश ने दिनदहाड़े डकैती के आरोपी बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ पर सरकरा पर तंज कसा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर में सराफा व्यापारी के यहां हुई दिनदहाड़े डकैती के आरोपी बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ पर कहा कि समस्या का समाधान असली कानून व्यवस्था है नकली एनकाउंटर नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज अपराधियों का अमृतकाल है।

उन्होंने एक्स पर कहा कि लगता है सुल्तानपुर की डकैती में शामिल लोगों से सत्ता पक्ष का गहरा संपर्क था, इसीलिए तो नकली एनकाउंटर से पहले मुख्य आरोपी से संपर्क साधकर सरेंडर करा दिया गया और अन्य सपक्षीय लोगों के पैरों पर सिर्फ दिखावटी गोली मारी गयी और जात देखकर जान ली गयी।



जब मुख्य आरोपी ने सरेंडर कर दिया है तो लूट का सारा माल भी पूरा वापस होना चाहिए और सरकार को मुआवजा अलग से देना चाहिए क्योंकि ऐसी घटनाओं का जो मानसिक आघात होता है उससे उबरने में बहुत समय लगता है, जिससे व्यापार की हानि होती है, जिसकी क्षतिपूर्ति सरकार करे। नकली एनकाउंटर रक्षक को भक्षक बना देते हैं। समाधान नकली एनकाउंटर नहीं, असली कानून-व्यवस्था है।

भाजपा राज अपराधियों का अमृतकाल है। जब तक जनता का दबाव व आक्रोश चरम सीमा पर नहीं पहुंच जाता है, तब तक लूट में हिस्सेदारी का काम चलता रहता है और जब लगता है जनता घेर लेगी तो नकली एनकाउंटर का ऊपरी मरहम लगाने का दिखावा होता है। जनता सब समझती है कि कैसे कुछ लोगों को बचाया जाता है और कैसे लोगों को फंसाया जाता है। घोर निंदनीय है।

## संजोली मस्जिद विवाद में कूदे औवेसी, सुक्खू सरकार के मंत्री का पलटवार

**शिमला।** राजधानी शिमला के संजौली क्षेत्र में बनी अवैध मस्जिद का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को यह मामला विधानसभा में उठ चुका। अब इस विवाद में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी कूद पड़े हैं।औवेसी ने कांग्रेस सरकार के पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह के बयान पर कहा कि वे भाजपा की भाषा बोल रहे हैं और हिमाचल की मोहब्बत की दुकान में नफरत ही नफरत की टिप्पणी की है। औवेसी की टिप्पणी पर कांग्रेस सरकार के मंत्रियों अनिरुद्ध सिंह और विक्रमादित्य सिंह ने भी पलटवार किया है।

# हरियाणा: भाजपा में लगी इस्तीफों की झड़ी

**बगावत**

### ▸▸ रणजीत चौटाला ने किया निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान, 8 सितंबर को शक्ति प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भारतीय जनता पार्टी की ओर से टिकट वितरण के साथ ही पार्टी में बगावत तेज हो गई है। इस कड़ी में भाजपा से सांसद नवीन जिंदल की मां और पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने भाजपा के टिकट न मिलने के बाद बगावती रुख अपना लिया है। सावित्री जिंदल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं तो चुनाव लड़ूंगी। इस बयान से राजनीतिक हलचल और तेज हो गई है। वहीं, हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने भी भाजपा के खिलाफ बगावती सुर अपनाए हैं। इस कड़ी में रणजीत सिंह ने भाजपा को छोड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान किया है। जानकारी के अनुसार 8 सितंबर को रानियां में शक्ति प्रदर्शन करेंगे।




रणजीत ने कहा कि भाजपा हाईकमान ने मुझे डबवाली से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है, लेकिन मैंने यह ऑफर ठुकरा दिया। रानियां सीट से टिकट न मिलने के बाद चौटाला ने कहा कि वह जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेंगे। सावित्री जिंदल का यह फैसला भाजपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि वह एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली नेता रही हैं। रतिया विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को टिकट दिए जाने से नाराज होकर रतिया के वर्तमान विधायक लक्ष्मण नापा ने पार्टी को अलविदा कह दिया है। नापा ने बुधवार देर रात को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली को अपना इस्तीफा भेज दिया। कुछ दिनों से सुनीता दुग्गल रतिया क्षेत्र में सक्रिय हो गई थी। कार्यकर्ताओं को दुग्गल को टिकट मिलने की आहट होने पर पार्टी में विरोध के स्वर पहले से ही उठने लगे थे। बाकायदा कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर स्थानीय उम्मीदवार को ही टिकट देने की मांग की गई थी।

## सरकारी बस में छात्रा से अश्लील हरकतें, दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला: शिमला से** सटे सुन्नी थाना क्षेत्र में सरकारी बस में सफर कर रही एक छात्रा के साथ छेड़खानी व अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। चौंका देने वाली बात यह है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के ही दो कर्मचारियों पर छात्रा से छेड़खानी के आरोप लगे हैं। दोनों आरोपित भी सरकारी बस में छात्रा के साथ सफर कर रहे थे। छेड़खानी करने वाला एक आरोपित एचआरटीसी का चालक और दूसरा मैकेनिक है। वहीं पीड़िता एक निजी शिक्षण संस्थान की छात्रा है। उसकी शिकायत पर सुन्नी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को आज तड़के गिरफ्तार कर लिया है। इनके विरुद्ध छेड़खानी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। 21 वर्षीय छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि बुधवार की शाम वह अपने संस्थान से सुन्नी के लिए शिमला से करसोग जाने वाली एचआरटीसी बस में सवार हुई थी। दोनों आरोपित बड़मन धार के पास इसी बस में चढ़े। पीड़िता के मुताबिक वह बस की आखिरी सीट पर बैठी थी, जहां कंडक्टर बैठता है। जब बस 18/2 नामक स्थान के पास पहुंची तो चमन प्रकाश आगे की सीट से उठा और उसके बगल में बैठ गया और उसका फोन नंबर व इंस्टा आईडी मांगने लगा।

